वर्ष : 33 ▸ अंक : 292 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 7 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



▸P7 मुश्किल में फंसीं हंसिका मोटवानी

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



▸P8 इंडिया गेट का नाम भारत माता द्वार करने की मांग

# कोरोना जैसे चीनी वायरस के भारत में 6 केस

■ कर्नाटक-तमिलनाडु में 2-2 और बंगाल - गुजरात में एक-एक बच्चा संक्रमित मिला



**अमित बृज । मुंबई/बेंगलुरु**

चीन में फैले कोरोना जैसे वायरस HMPV के भारत में अब तक छह केस सामने आ चुके हैं। अहमदाबाद में सोमवार को 2 महीने के बच्चे में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) का संक्रमण मिला। यह बच्चा राजस्थान का है और इलाज के लिए अहमदाबाद पहुंचा है।

### वायरस के मामलों की जानकारी

इससे पहले, सोमवार सुबह कर्नाटक में 3 महीने की बच्ची और 8 महीने के बच्चे में यह वायरस मिला था। दोनों बच्चों की जांच बेंगलुरु के एक अस्पताल में की गई थी। पश्चिम बंगाल में भी पांच महीने के बच्चे में इस बीमारी के लक्षण मिले हैं। इसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, तमिलनाडु के चेन्नई में भी दो बच्चे संक्रमित मिले हैं। अभी इनके बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

### महाराष्ट्र में एचएमपीवी का कोई मामला नहीं, सरकार ने जारी की गाइडलाइंस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को स्पष्ट किया कि राज्य में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) का कोई मामला अब तक सामने नहीं आया है। हालांकि, उन्होंने नागरिकों को निवारक उपायों का पालन करने की सलाह दी और कहा कि अधिकारी स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने वैश्विक रिपोर्टों के आधार पर वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निवारक उपायों की रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में है, ताकि वायरस के संभावित प्रसार से निपटा जा सके।

### मुंबई नगर निगम का बयान

इसके बाद, मुंबई नगर निगम ने भी जानकारी दी कि मुंबई में HMPV के कोई मामले सामने नहीं आए हैं और वर्तमान में सार्वजनिक स्वास्थ्य को कोई बड़ा खतरा नहीं है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकार ने वायरस के फैलाव को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

### एचएमपीवी से बचने के लिए क्या करें और क्या नहीं...

1.छींकते या खांसते समय रुमाल और कपड़े का इस्तेमाल करें।
2.अल्कोहल आधारित सैनिटाइजर का उपयोग शुरू कर दें।
3. खांसी और सर्दी से प्रभावित लोग सार्वजनिक जगहों से दूर रहें।
4. आपको इन दिनों दूसरों से हाथ मिलाना बंद करना होगा।
5.एक ही टिश्यू पेपर या रुमाल का बार-बार प्रयोग न करें।
6.सार्वजनिक स्थानों पर थूकना बंद करना होगा।
7. किसी तरह का संक्रमण होने पर खुद से दवा शुरू न करें।

## कोर्ट ने की पुलिस की खिंचाई

▸▸ शिकायतकर्ता महिला को जांच अधिकारी द्वारा फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने का है मामला



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता महिला को जांच अधिकारी द्वारा फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने पर मुंबई पुलिस की खिंचाई की। अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि पुलिस उप निरीक्षक की काम में काफी व्यस्तता होती है, तो वह सोशल मीडिया पर कैसे व्यस्त है? अदालत ने महिला की शिकायत पर जांच अधिकारी द्वारा जांच सही से नहीं करने के लिए पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) को मंगलवार को तलब किया है।

### क्या है मामला?

घाटकोपर में रहने वाली दक्षा प्रविण वाडोर की बेटी कांदिवली (पूर्व) साईं मंगलमूर्ति इमारत में किराए के फ्लैट में रह रही थी। पिछले साल 24 जून को उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। वह 1 जुलाई तक अस्पताल में भर्ती रही। जब वह अस्पताल से वापस आयी, तो देखा कि उनके किराए फ्लैट से पति ने सारा सामान निकाल लिया है। फ्लैट से 15 लाख रुपए नकद समेत हीरे और सोने के रहने गायब हो गए हैं। दक्षा ने समता नगर पुलिस स्टेशन में बेटी के घर से नकदी और गहने चोरी की शिकायत की, लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं किया और चोरी का मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया। उन्होंने इसकी शिकायत मुंबई के पुलिस आयुक्त से की।

### समता नगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की

इसके बावजूद समता नगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सोमवार को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीता केदार गोखले की पीठ के समक्ष दक्षा प्रवीण वाडोर की ओर से वकील विजय कंथारिया और वकील सुभदा सालवी की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में उनकी बेटी के फ्लैट से नकदी और गहने चोरी की जांच कर कार्रवाई करने की अनुरोध किया। पीठ ने सरकारी वकील से पूछा कि पुलिस ने किस आधार पर यह जान लिया कि फ्लैट में चोरी नहीं हुई? इसके बजाय जांच अधिकारी याचिकाकर्ता को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज रहा है। यह बहुत की गंभीर मामला है। पुलिस ने याचिकाकर्ता की शिकायत पर मामले की जांच क्यों नहीं की? पीठ ने परिमंडल 12 के पुलिस उपायुक्त को अदालत में पेश होकर जवाब देने का निर्देश दिया है।

## उपमुख्यमंत्री शिंदे को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**



राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उनके चुनाव क्षेत्र कोपरी पाचपखाड़ी के 26 वर्षीय नवयुवक ने सोशल मीडिया पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना की जांच में पुलिस जुट गई है और युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। धमकी देने वाले युवक ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल किया, जिसमें उसने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी दी थी।

### गिरफ्तारी और पुलिस कार्रवाई

ठाणे के वागले इस्टेट परिसर के शिवसेना (शिंदे गट) के पदाधिकारी परेश चालके ने रविवार रात को श्रीनगर पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी हितेश प्रकाश ढेंडे (26) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ठाणे के वागले इस्टेट के वार्लीपाड़ा का निवासी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद अब जांच की जा रही है कि युवक ने ऐसा क्यों किया, क्योंकि उसकी धमकी का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।



## पालघर में 3.7 तीव्रता का भूकंप

**डीबीडी संवाददाता । पालघर**

जिले में सोमवार सुबह 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के झटकों से किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने एक आधिकारिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि भूकंप सुबह 4.35 बजे दहानू तालुका में दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि तालुका के बोरडी, दपचारी और तलासरी इलाकों में लोगों ने सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए।

## दिसंबर में वेज थाली की कीमत 6% बढ़ी

▸▸ आलू और टमाटर के दाम बढ़ने का असर

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत दिसंबर में (सालाना आधार पर) 6% बढ़कर 31.60 रुपए हो गई। पिछले साल दिसंबर 2023 में वेज थाली की कीमत 29.70 रुपए थी। क्रिसिल ने जारी किए अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत नवंबर की तुलना में दिसंबर में 3% घटी है। नवंबर में वेज थाली की कीमत 32.70 रुपए थी।

### नॉन-वेज थाली 12% महंगी

नॉन-वेज थाली की कीमत दिसंबर में सालाना आधार पर 12% बढ़कर 63.30 रुपए हो गई। पिछले साल दिसंबर 2023 में नॉन वेज थाली की कीमत 56.40 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी नवंबर की तुलना में दिसंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 3% बढ़ी है।

## फर्जी नक्शा मामला

## 18 सरकारी कर्मियों को एसआईटी का समन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



मढ आइलैंड, वर्सोवा समेत अन्य कई क्षेत्रों के कोस्टल रेग्यूलेशन जोन (सीआरजेड) के सरकारी नक्शे में फर्जीवाड़ा कर धोखाधड़ी करने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी जांच तेज कर दी है। इस मामले में पहले ही चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। जबकि अब एसआईटी ने 18 सरकारी कर्मचारियों को समन जारी किया है। इस समन में अधिकारियों को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा गया है। इन कर्मचारियों से पूछताछ में एसआईटी जानकारियां इकट्ठा करेगी और आनेवाले दिनों में इसमें कुछ और गिरफ्तारियां देखने को मिल सकती हैं। एसआईटी की अब तक की जांच में सामने आया है कि भू-अभिलेख विभाग के 1967 के मूल नक्शे का फर्जी नक्शा बनाकर मढ के नो-डेवलपमेंट जोन, सीआरजेड समेत अन्य नियमों का उल्लंघन कर नए निर्माण को मंजूरी दी गई थी। इस घोटाले में दलाल, सरकारी कर्मचारी और ठेकेदारों की मिलीभगत सामने आई थी। इस मिलीभगत से सीआरजेड और एनडीजेड क्षेत्रों को विकास क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत करके सरकारी रिकॉर्ड को ही बदल दिया गया।

## भायखला और बोरीवली के निर्माण स्थलों पर लगी रोक हटी

▸▸ 271 परियोजनाएं स्टॉप वर्क से हुई मुक्त

**धीरज सिंह । मुंबई**

मुंबई में भायखला और बोरीवली (पूर्व) में बढ़ रहे वायु प्रदूषण के कारण बीएमसी ने 30 दिसंबर 2024 को यहां के सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी थी। अब वायु प्रदूषण कम होने के बाद मनपा आयुक्त भूषण गगरानी के निर्देश पर सोमवार को निर्माण कार्य पर लगी रोक हटाने की घोषणा की गई है। मनपा आयुक्त ने कहा कि रोक हटाने के बाद मुंबई के जिन इलाकों में प्रदूषण स्तर बढ़ रहा है उनकी निगरानी जारी रहेगी। मुंबई महानगरपालिका (मनपा) के पर्यावरण विभाग के अनुसार शहर में प्रदूषण के कारण 856 परियोजनाओं को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। इसमें मनपा ने 462 परियोजनाओं का काम पूरी तरह से बंद करा दिया था। जिन कार्यों को बंद किया गया था, उनमें से 271 परियोजनाओं में प्रदूषण नियमों के पालन के बाद स्टॉप वर्क नोटिस हटा लिया गया है। वहीं सोमवार को मुंबई के दो स्थानों घाटकोपर और शिवाजी नगर में एक्यूआई का स्तर 250 के ऊपर रहा। मुंबई मनपा के 28 प्रदूषण जांच केंद्रों में से 2 पर 100 से नीचे जबकि अन्य स्टेशनों पर 100 से ज्यादा एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया है।



### काम पर लगेगी रोक

मनपा आयुक्त ने कहा कि मुंबई के प्रदूषण पर हम बहुत बारीक नजर रख रहे हैं। बीएमसी की तरफ से जारी की गई गाइड लाइन का सभी निर्माण कार्यों, परियोजनाओं को पालन करना पड़ेगा। जिस प्रोजेक्ट के आस-पास अधिक प्रदूषण नजर आएगा, वहां 48 घंटे की निगरानी के बाद प्रदूषण स्तर कम नहीं हुआ तो काम पर रोक लगा दी जाएगी।

### सोमवार को मुंबई में ऐसा रहा एक्यूआई स्तर

नेवी नगर 112,
शिवाजी नगर 250,
घाटकोपर 266,
भायखला 112,
वर्ली 123,
वडाला 126,
चेंबूर 108,
बीकेसी 128,
बोरीवली पूर्व 99

### छत्रपति शिवाजी पार्क में धूल उड़ने से एमपीसीबी सख्त

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) ने मुंबई मनपा को छत्रपति शिवाजी पार्क में उड़नेवाली धूल रोकने पर अगले15 दिन में निर्णय लेकर कदम उठाने को कहा है। यह निर्देश एमपीसीबी के अध्यक्ष सिद्धेश कदम द्वारा जारी किया गया है। सोमवार को कदम ने शिवाजी पार्क का मुआयना किया था।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

## सलमान से नजदीकी थी बाबा सिद्दीकी की हत्या की वजह

▸▸ मुंबई पुलिस ने 4,590 पन्नों की चार्जशीट दायर

▸▸ 4590 पन्नों की चार्जशीट में 210 गवाह, बिश्नोई का भी नाम

▸▸ हत्या के पीछे के तीन मुख्य कारण बताए गए हैं



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

भगोड़े गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ने अपने संगठित अपराध सिंडिकेट के जरिए आतंक का माहौल बनाने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का आदेश दिया था। मुंबई पुलिस की ओर से सोमवार को दाखिल चार्जशीट में यह कहा गया है। क्राइम ब्रांच ने 4,590 पन्नों की चार्जशीट में 29 आरोपियों को नामजद किया है। इनमें 26 पहले से ही गिरफ्तार हैं और तीन वांछित हैं। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के अलावा मोहम्मद यासीन अख्तर और शुभम लोनकर वांछित आरोपी हैं। पुलिस ने कहा कि उसने सभी 29 आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए हैं। क्राइम ब्रांच ने मुंबई में विशेष महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) अदालत में चार्जशीट दाखिल की।

### क्या है मामला?

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर 2024 को मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। गिरफ्तार किए गए 26 आरोपियों में कथित मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम और उसके साथी शामिल हैं। पुलिस ने उन सभी के खिलाफ मकोका लगाने से पहले उन पर हत्या के लिए भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### 88 लोगों के बयान दर्ज

पुलिस ने अब तक 88 लोगों के बयान दर्ज किए हैं और पूर्व विधायक जीशान सिद्दीकी सहित कुल 180 गवाहों को सूचीबद्ध किया है और पांच आग्नेयास्त्र, छह मैगजीन और 35 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जांच अधिकारियों ने पूर्व में अदालत को बताया था कि अपराध में लॉरेंस बिश्नोई की भूमिका स्थापित नहीं हुई है। रिमांड सुनवाई के दौरान पुलिस ने अदालत को बताया था कि अनमोल बिश्नोई एक अलग गिरोह चला रहा है। जो मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में सक्रिय है।

### दबदबा बनाने की कोशिश कर रहा अनमोल विश्नोई

अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया था कि अनमोल बिश्नोई एक गिरोह के सरगना के रूप में अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहा है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने नवंबर में कहा था कि अमेरिकी अधिकारियों की ओर से अनमोल बिश्नोई की मौजूदगी के बारे में सूचित करने के बाद उन्होंने बाबा सिद्दीकी की हत्या सहित अन्य मामलों में वांछित अनमोल के प्रत्यर्पण के लिए एक प्रस्ताव भेजा था।

### सलमान खान के घर फायरिंग से जुड़े तार

लॉरेंस और अनमोल बिश्नोई दोनों को 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में वांछित आरोपी के रूप में नामजद किया गया था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी।

# उल्हासनगर मनपा मुख्यालय की नई 15 मंजिला पिरामिड आकार की बनेगी इमारत

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने मनपा मुख्यालय के लिए नई 15 मंजिला पिरामिड आकार की इमारत बनाने की योजना तैयार की है। यह इमारत मौजूदा जर्जर इमारत की जगह पर बनाई जाएगी। इस परियोजना के लिए लगभग 410 करोड़ रुपये के फंड की आवश्यकता होगी, और जब तक नई इमारत का निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक प्रशासनिक कार्यों के लिए अस्थायी रूप से प्रांतीय कार्यालय का उपयोग किया जाएगा।

## मौजूदा इमारत के स्थान पर निर्माण की योजना



### पुरानी इमारत का पुनर्निर्माण

मौजूदा मनपा इमारत का निर्माण 3 जून 1976 को हुआ था और यह तीन मंजिलों में स्थित है। हालांकि, यह इमारत अब खतरनाक और जर्जर हो चुकी है, जिससे इसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए विकास ढाकने ने एक नई 15 मंजिला पिरामिड आकार की इमारत बनाने का निर्णय लिया है, जिसके आर्किटेक्ट हितेन शेट्टी हैं।

### मिशन-50 का संकल्प

आयुक्त विकास ढाकने ने मिशन-50 के तहत कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का ऐलान भी किया है। इसके अंतर्गत एमएमआरडीए की 7 कंक्रीट सड़कें मार्च 2025 तक पूरी हो जाएंगी, और इनमें से पांच सड़कों को आकर्षक रूप से डिज़ाइन किया जाएगा। इसके अलावा, मनपा की स्वतंत्र जल योजना, सीमा विस्तार, बालासाहेब ठाकरे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आदर्श विद्यालयों का विकास, मलिन बस्तियों में हिरकनी और केबी रोड पर मल्टी-लेवल फ्लाईओवर का निर्माण जैसे कार्य भी इस संकल्प का हिस्सा होंगे।




रमाबाई अंबेडकर नगर पुनर्विकास

# 2500 झोपड़ियाँ अब तक खाली की गईं

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

घाटकोपर में स्थित रमाबाई अंबेडकर नगर पुनर्विकास परियोजना के तहत, झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण (झोपु) ने अब तक 2500 झोपड़ियाँ खाली कर दी हैं। यह परियोजना मुंबई के विभिन्न झुग्गी क्षेत्रों के पुनर्विकास के लिए कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें रमाबाईनगर और कामराजनगर शामिल हैं। झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण ने पहले चरण के अंतर्गत 4053 झोपड़ियों को खाली करने का कार्य सितंबर 2024 में शुरू किया था, जिसमें से 2500 झोपड़ियाँ अब तक हटा दी गई हैं।



### एमएमआरडीए का योगदान

एमएमआरडीए, जो घाटकोपर से ठाणे तक पूर्व फ्रीवे के विस्तार का काम करेगा, इस पुनर्विकास परियोजना की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पुनर्वास की जिम्मेदारी संयुक्त रूप से एमएमआरडीए और झोपड़पट्टी प्राधिकरण ने ली है। परियोजना में कुल 16,575 झोपड़ियों का पुनर्विकास किया जाएगा, जिनमें से 14,454 झोपड़ियों को वास्तविक पुनर्विकास के लिए चुना गया है। परियोजना को दो चरणों में लागू किया जाएगा, और पहले चरण का काम जल्द पूरा होने की उम्मीद है।

### पुनर्विकास प्रक्रिया

झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण ने 10,500 संरचनाओं का सर्वेक्षण पूरा कर लिया है और निवासियों की पात्रता निर्धारण प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। पहले चरण के दौरान, जिन 4053 झोपड़ियों को हटाने का काम शुरू किया गया था, उनमें से 2827 झोपड़ियों के धारकों की पात्रता पूरी हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि शेष 1,500 झोपड़ियों को जल्द ही खाली किया जाएगा और इन भूखंडों को मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) को हस्तांतरित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### किशोरी का पीछा करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे। ठाणे जिले के काशीमीरा में सोमवार को एक 40 वर्षीय व्यक्ति को किशोरी का पीछा करने और उसे परेशान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। काशीमीरा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि वह 15 वर्षीय लड़की का नियमित रूप से पीछा करता था और उसे परेशान करता था। उन्होंने बताया, 'बच्ची ने अपने माता-पिता को इस बारे में बताया था। इसके बाद उन्होंने उस पर नजर रखनी शुरू कर दी। आज आरोपी उनकी पकड़ में आ गया। मौके पर कई लोगों ने उसे अर्धनग्न किया और परेड कराई। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।' अधिकारी ने बताया कि उस पर भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप लगाया गया है।

### पालतू जानवरों की देखभाल करने वाले केंद्र के खिलाफ केस दर्ज




ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने एक पालतू जानवरों की देखभाल करने वाले केंद्र के प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि केंद्र में दो कुत्तों - एक गोल्डन रिट्रीवर और एक टॉय पूडल के साथ दुर्व्यवहार किया गया।कुत्तों के मालिक ने 26 दिसंबर 2024 को पालतू जानवरों की देखभाल करने वाले केंद्र में अपनी दो पालतू कुत्तों को सौंपा था, क्योंकि वे और उनकी पत्नी विदेश यात्रा पर जा रहे थे। आरोप है कि केंद्र में उनके कुत्तों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें पीटा गया। इस हिंसा के परिणामस्वरूप टॉय पूडल की एक आंख की रोशनी हमेशा के लिए चली गई, और गोल्डन रिट्रीवर को भावनात्मक आघात पहुंचा। कुत्तों के मालिक की शिकायत और पेटा के प्रतिनिधि के हस्तक्षेप के बाद, वर्तक नगर पुलिस ने पालतू जानवरों की देखभाल करने वाले केंद्र के प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अप्रैल 2025 तक एम.एम.आर.डी.ए की सभी सड़कों का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य

### सख्त निर्देश और बैठक का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

शहर में खस्ता हाल सड़कों और प्रदूषित हवा को लेकर विधायक कुमार आयलानी ने गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने एम.एम.आर.डी.ए, मनपा और ठेकेदारों के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की, जिसमें सभी सड़कों के निर्माण को अप्रैल 2025 तक पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अधिकारियों से काम की प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह साझा करने को कहा गया।

### अस्थायी कामों में देरी की समस्या

एम.एम.आर.डी.ए के कार्यकारी अभियंता महेंद्र सिंह ने बताया कि नेताजी चौक से कैलाश कॉलोनी सड़क के निर्माण में सीवर लाइन और पानी के कनेक्शन के कारण देरी हुई है। इस पर विधायक ने जलापूर्ति विभाग को जल्दी से काम पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो सके। इसके अलावा, हीरा घाट सड़क निर्माण में ट्रैफिक विभाग की अनुमति की आवश्यकता थी, जिस पर विधायक ने तत्काल हस्तक्षेप कर एसीपी विजय पवार से अनुमति प्राप्त की।

### सात सड़कों का निर्माण जारी

बैठक के दौरान विधायक ने उल्हासनगर शहर में एम.एम.आर.डी.ए द्वारा बनाई जा रही सात सड़कों की स्थिति का भी जायजा लिया। इन सड़कों में नेताजी चौक से कैलाश कॉलोनी, न्यू इंग्लिश हाई स्कूल से लालचक्की चौक, ए ब्लॉक से साई बाबा मंदिर रोड, वाको कंपाउंड से वीनस चौक, सोनार चौक से कोयंडे, हीरा घाट से डर्बी होटल और श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक से शांति नगर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।



### आगे की योजनाएं

विधायक ने यह सुनिश्चित किया कि सभी निर्माणाधीन सड़कों पर कार्य की स्थिति और वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देने वाले बोर्ड लगाए जाएं। इसके अलावा, सुरक्षा इंजीनियर की नियुक्ति कर काम की निगरानी सुनिश्चित करने की बात भी की गई। इस बैठक में उमेश सोनार, एमएमआरडीए के कार्यकारी अभियंता महेंद्र सिंह, जलापूर्ति विभाग के परमेश्वर बुडगे, मनीष हिवरे, संदीप जाधव, ईगल कंपनी के अधिकारी व काम कर रहे ठेकेदार उपस्थित थे।

### डॉल्फिन रोड और पार्किंग की समस्या

डॉल्फिन रोड पर ट्रांसफॉर्मर की शिफ्टिंग के कारण निर्माण कार्य में देरी हो रही थी। विधायक ने इस शिफ्टिंग को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का आदेश दिया। इसके अलावा, विधायक ने कहा कि डॉल्फिन रोड पर नई कंक्रीट सड़क पर पार्किंग पर रोक लगानी चाहिए।

### ड्रेनेज सिस्टम पर अपडेट

मनपा अधिकारियों ने बताया कि शहर में 228 किलोमीटर लंबी ड्रेनेज लाइन का कार्य चल रहा है, जिसमें से 50 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है। हालांकि, लोकसभा चुनाव, दीवाली और अन्य अवसरों के कारण काम में रुकावट आई है, लेकिन सितंबर 2025 तक इसे पूरा कर लिया जाएगा।

# भाजपा के संगठन पर्व की बैठक

**डीबीडी संवाददाता | विरार**

भाजपा में संगठनात्मक बदलाव और सदस्यता अभियान के तहत पूरे देश में पिछले तीन महीनों से यह कार्य शुरू हो चुका था, लेकिन महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के कारण इसमें थोड़ी देरी हुई। 23 नवंबर को चुनाव नतीजों के बाद भाजपा ने इस अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुळे ने पूर्व सार्वजनिक बांधकाम मंत्री और पालघर के पालकमंत्री रविंद्र चव्हाण को इस अभियान का प्रभारी नियुक्त किया। इसके बाद रविंद्र चव्हाण ने जिला अध्यक्षों को इस प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।

### भाजपा नेताओं के बयान

पालघर सांसद डॉ. हेमंत सवरा ने कहा कि यह वही विवांता होटल है, जहां 19 नवंबर 2024 को दहशतवाद के अंत की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहा कि अब इस श्रेणी में आने वाले आतंकवाद का अंत तय है। नालासोपारा के विधायक राजन नाईक ने बताया कि भाजपा ने तीनों विधानसभा सीटें जीत ली हैं और आगामी महानगरपालिका चुनाव में 100 नगरसेवकों के साथ भाजपा महायुति का महापौर बिठाने का विश्वास दिलाया। वसई विधायक स्नेहा दुबे ने भी विवांता कांड का जिक्र करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव जीतकर आधा बदला लिया है और बाकी महानगरपालिका चुनाव में हिसाब पूरा करेंगे। प्रचार प्रमुख मनोज बारोट ने बताया कि बैठक के दौरान अरुण सिंह की उपस्थिति में कई मान्यवरों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।




### अरुण सिंह का वसई विरार दौरा

इसी प्रक्रिया के तहत भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह वसई विरार के दौरे पर आए थे। बैठक का आयोजन होटल विवांता में किया गया, जहां जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक को संबोधित करते हुए अरुण सिंह ने कोरोना काल की कठिनाइयों को याद किया। उन्होंने कहा कि उस समय कई संगठन के कार्यकर्ता अपनी जान बचाने के लिए घरों में बंद थे, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा में जुटे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि यही कार्यकर्ता हैं जिन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में मदद की।

### विवांता होटल में ऐतिहासिक घटना का उल्लेख

अरुण सिंह ने 19 नवंबर 2024 को विवांता होटल में हुई घटना को याद किया और वसई विरार के भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहा। उन्होंने कहा कि वसई विरार के कार्यकर्ताओं ने डॉ. हेमंत सवरा को ऐतिहासिक जीत दिलाई और ठाकुर परिवार का 35 साल पुराना गढ़ भी तोड़ा। अरुण सिंह ने विश्वास जताया कि वसई विरार के कार्यकर्ता इस संगठन पर्व में भी सदस्यता अभियान में इतिहास रचने का काम करेंगे।

# मुंब्रा में 17 लाख लीटर पानी की चोरी

## मर्जिया पठान का आयुक्त कार्यालय के सामने हंगामा

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

सामाजिक कार्यकर्ता मर्जिया पठान ने मुंब्रा में पानी की चोरी और जल संकट के खिलाफ आयुक्त कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुंब्रा - कौसा को मिलने वाले 17 लाख लीटर पानी की चोरी हो रही है, जबकि क्षेत्र में पानी की गंभीर किल्लत बनी हुई है।



### पानी की समस्या और आंदोलन

मर्जिया पठान ने कहा कि कई बार मनपा प्रशासन से पानी की नियमित आपूर्ति के लिए मांग की गई, लेकिन प्रशासन केवल आश्वासन देता रहा है। इसके चलते, मर्जिया और उनकी साथी महिलाओं ने आयुक्त कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मर्जिया ने कटोरी में पानी भरकर और तीसरी बार खाली हंडे फेंकने का इशारा किया, ताकि प्रशासन की ध्यान आकर्षित किया जा सके।

### प्रशासन से आश्वासन

धरने के आधे घंटे बाद, पानी विभाग के अभियंता विनोद पवार ने मर्जिया पठान से मुलाकात की और उन्हें बताया कि रिमोल्डिंग का कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इसके पूर्ण होने के बाद, पानी की आपूर्ति नियमित की जाएगी। यह प्रदर्शन मुंब्रा क्षेत्र में पानी की कमी और प्रशासन की अनदेखी के खिलाफ एक विरोध के रूप में सामने आया है, जिसमें मर्जिया पठान ने अपनी आवाज बुलंद की।

# पुराने विवाद के चलते युवक पर चाकू से हमला, कान भी काट दिए

## 4 युवकों के खिलाफ हाफ मर्डर का केस दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के शांतिनगर इलाके में एक युवक पर चार युवकों ने मिलकर चाकू से हमला किया और उसके कान काट दिए। हमलावरों ने युवक पर पत्थर भी फेंका, जिससे उसकी जान लेने की कोशिश की गई। इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है।



### हमलावरों ने युवक का कान काटा और पत्थर से मारा

घटना शांतिनगर के गौसिया मस्जिद के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास हुई। पुलिस के अनुसार, युवक मोहम्मद शाहबाज इस्माईल शेख (25) पर चार हमलावरों ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला किया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावरों ने उसके कान काटने के बाद, उसे पत्थर से मारा और उसकी जान लेने की कोशिश की।

### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने बीएनएस की धारा 109, 118(2), 352, 3(5) के तहत चार हमलावरों के खिलाफ हाफ मर्डर का केस दर्ज किया है। पुलिस टीम ने घायल युवक को उपचार के लिए ठाणे के कलवा अस्पताल भेजा। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान शुरू कर दिया है। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक के. एस. गवारी कर रहे हैं।

# ट्रक चालक ने ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को मारा थप्पड़

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**



नवी मुंबई के तुर्भे एमआईडीसी क्षेत्र में एक ट्रक चालक ने रविवार को ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को थप्पड़ मार दिया। पुलिस के मुताबिक, ट्रक चालक ने गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था, जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने उसे जुर्माना लगाया था। नाराज चालक ने जुर्माना देने पर पुलिस कांस्टेबल पर हमला किया। रविवार शाम को तुर्भे एमआईडीसी के इंदिरा नगर चौराहे पर तुर्भे ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल जयवंत पाटिल (38) और हेड कांस्टेबल पंकज पवार गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने आदित्य यादव (34) नामक ट्रक चालक को रोका, जो गाड़ी चलाते समय फोन पर बात कर रहा था। ट्रैफिक पुलिस ने उसे ई-चालान के जरिए 4500 रुपये का जुर्माना लगाया, क्योंकि वह ड्राइविंग करते समय फोन का इस्तेमाल कर रहा था और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। जुर्माने से नाराज होकर आदित्य यादव ने कांस्टेबल पाटिल को थप्पड़ जड़ दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया और तुर्भे एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस अधिकारी पर हमला करने का मामला दर्ज किया है।

# फर्जी टैक्स क्रेडिट मामले में दो गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

मुंबई जोन के केन्द्रीय जीएसटी आयुक्तालय भिवंडी ने मेसर्स रांचल इंडस्ट्रीज, वाडा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारियां 15.4 करोड़ रुपये के फर्जी टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) मामले में की गईं हैं।



### गिरफ्तारी और पूछताछ

सीजीएसटी अधिकारियों ने इस धोखाधड़ी के मामले में दीपक कुमार (फर्म के पार्टनर) और सनी डांग (संचालक) को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उनके खिलाफ सीजीएसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपी

माननीय न्यायाधीश ने उन्हें 16 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मुंबई जोन के केन्द्रीय जीएसटी भिवंडी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि कर चोरी करने और राष्ट्रीय राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

### फर्जी टैक्स क्रेडिट का खुलासा

जांच में सामने आया कि दीपक कुमार और सनी डांग ने मेसर्स रांचल इंडस्ट्रीज के नाम पर बिना किसी आपूर्तिकर्ता द्वारा जारी किए गए चालानों पर, बिना किसी वास्तविक माल या सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर यह टैक्स क्रेडिट लिया। इस प्रकार उन्होंने 15.4 करोड़ रुपये का अवैध लाभ उठाया।

# इंस्टाग्राम पर फेक अकाउंट बनाकर किया अश्लील वीडियो अपलोड

## मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के शांतिनगर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ इंस्टाग्राम पर फेक अकाउंट बना कर पीड़िता की अश्लील वीडियो अपलोड करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने महिला को बदनाम करने के उद्देश्य से यह हरकत की थी।




### मामला दर्ज और पुलिस की कार्रवाई

शांतिनगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी हसीब शेख के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपों में बीएनएस की धारा 75(2), 7, 356(2) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की कलम 66(0), 67, 67(I) शामिल हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।

### आरोपी पर फेक अकाउंट बनाकर पीड़िता की तस्वीरें और वीडियो अपलोड करने का आरोप

पुलिस के अनुसार, हसीब इसहाक शेख (19) नामक आरोपी ने पिछले 13 दिनों में शांतिनगर निवासी 26 वर्षीय युवती का नाम लेकर इंस्टाग्राम पर एक फेक अकाउंट बनाया। आरोपी ने पीड़िता की तस्वीर अपलोड की और फिर वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़िता की नहाते हुए अश्लील वीडियो और तस्वीरें भी पोस्ट कीं। इसके जरिए आरोपी ने महिला को बदनाम करने की कोशिश की।

# लाखों रुपए के हाथी दांत जब्त

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो हाथी दांत बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है। यह तस्करी का मामला डोंबिवली कस्बे से सामने आया है, जहां पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे



### घटना का विवरण

रविवार शाम को गश्त के दौरान पुलिस ने एक दोपहिया वाहन को रोका और उसकी जांच की। वाहन सवार दो व्यक्तियों के पास से दो हाथी दांत बरामद हुए। प्रत्येक दांत की कीमत लगभग 5 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### जांच और आरोपियों की पहचान

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अब यह जांच की जा रही है कि आरोपी इन हाथी दांतों को कहां से लाए थे और इन्हें किसे बेचने का इरादा था। इसके अलावा, पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इस तस्करी में कोई और व्यक्ति या गिरोह शामिल है।

### कानूनी परिप्रेक्ष्य और वन्यजीव संरक्षण

भारत में हाथी दांत की तस्करी एक गंभीर अपराध है, क्योंकि हाथी भारतीय वन्यजीवों की संरक्षित प्रजातियों में आते हैं। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत उनके किसी भी अंग की तस्करी करना अपराध माना जाता है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे इस तस्करी नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और जल्द ही इस मामले में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों को लगाई फटकार

## किसानों को मुआवजा देने का आदेश

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों को फटकार लगाई। कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि वे 31 जनवरी तक किसानों को उनकी जमीन के बदले मुआवजा दें, वरना उन पर अवमानना की कार्यवाई की जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी।



### क्या था मामला?

बीड जिले के जांभलखोरी बोरफड़ी में 2005 में पानी की टंकी बनाने के लिए किसानों की जमीन ली गई थी। यह जमीन महाराष्ट्र सरकार ने रोजगार गारंटी योजना के तहत अधिग्रहित की थी।

### पहले भी दिया था मुआवजा देने का आदेश

बेंच ने कहा कि यह एक क्लासिक उदाहरण हैं, जहां महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों ने उन किसानों को मुआवजा नहीं दिया, जिनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि 1.49 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश पहले ही पारित किया गया था, लेकिन किसानों को अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला। बेंच ने कहा, राज्य के अधिकारियों ने इस मामले में जिस तरह से काम किया, हम उससे पूरी तरह से निराश हैं।

### 'एक हफ्ते के भीतर सुनिश्चित करें किसानों का मुआवजा'

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के प्रमुख सचिव, वित्त सचिव और पंचायती राज सचिव को एक हफ्ते के भीतर इस मामले का संज्ञान लेने का आदेश दिया। साथ ही बीड के कलेक्टर को यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि किसानों को मुआवजा मिल जाए।

### 'मुआवजा न देने पर हो अवमानना की कार्यवाई'

कोर्ट ने कहा कि 31 जनवरी तक सभी किसानों और संबंधित लोगों को मुआवजा दिया और इसकी रिपोर्ट शीर्ष कोर्ट को सौंपी जाए। बेंच ने कहा, अगर 31 जनवरी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई तो बॉम्बे हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल सभी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना के मामले को आगे बढ़ाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुआवजा राशि का भुगतान न करने के लिए दोषी अधिकारियों से निजी रूप से एक लाख रुपये की वसूली की जाएगी।

# क्लास में बैठने को लेकर झगड़ा



## छात्र ने बैग से चाकू निकाल दोस्तों पर किया हमला

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई के सायन कोलीवाड़ा के एक स्कूल में क्लास में बैठने की व्यवस्था को लेकर हुई तीखी बहस ने सोमवार सुबह हिंसक रूप ले लिया। एक छात्र ने गुस्से में आकर अपने स्कूल बैग से चाकू निकालकर अपने दो सहपाठियों पर हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सुबह की असेंबली के दौरान हुई, जब कक्षा 10 के चार छात्रों के बीच डेस्क पर बैठने को लेकर विवाद हो गया। बहस हाथापाई में बदल गई, जिसके दौरान एक छात्र ने अपने दोस्त को बैग से चाकू निकालने को कहा। इसके बाद चाकू से अन्य दो छात्रों पर कई बार हमला किया गया। प्रिंसिपल समेत स्कूल स्टाफ ने तुरंत कार्रवाई की और 15 साल की उम्र के दोनों छात्रों को सायन अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है। घटना के बाद एंटॉप हिल पुलिस को तुरंत सूचित किया गया और उन्होंने 15 और 16 साल की उम्र के दो आरोपी छात्रों को हिरासत में ले लिया।

# ताज होटल के सामने खड़ी मिली एक ही नंबर की दो कार

## जांच में जुटी पुलिस

**मुंबई।** मुंबई के ताज होटल में सेम मॉडल की दो गाड़ियां पकड़ी गई हैं। इन दोनों ही गाड़ियों पर सेम रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज है। इसे देखते ही होटल में हड़कंप मच गया। खबर मिलने पर पुलिस ने भी होटल को घेर लिया और दोनों गाड़ियों की विधिवत जांच हुई। कुछ आपत्तिजनक नहीं मिलने पर आरटीओ को बुलाकर दोनों गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन प्लेट की जांच हुई। इसमें पता चला कि एक गाड़ी का नंबर प्लेट नकली है। इसके बाद पुलिस ने उस गाड़ी के ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया है। अब पुलिस दोनों गाड़ियों पर सेम नंबर प्लेट लगाने की वजह पता करने की कोशिश कर रही है। चूंकि असम के सीएम हिमंत विश्वा सरमा भी होटल में ठहरे हुए थे, इसलिए हड़कंप मच गया। इसके साथ ही पुलिस यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि एक ही समय में यह दोनों गाड़ियां होटल के अंदर क्यों लाई गईं। मुंबई पुलिस के मुताबिक दोनों गाड़ियां मारुति सुजुकी कंपनी की आर्टिगा हैं और दोनों ही गाड़ियों पर रजिस्ट्रेशन नंबर एमएच 01 ईई 2388 लिखा है। चूंकि 26/11 हमले के दौरान ताज होटल में भी आतंकी घुसे थे और यहां ठहरे लोगों को बंधक बनाया था। उस समय के बाद से ही ताज होटल की सुरक्षा बेहद कड़ी कर दी गई है। इस होटल में दो लेयर की सुरक्षा है।

### चेकिंग में पकड़ी गई गाड़ी तो खुली पोल




एक में होटल प्रबंधन की ओर से सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं तो दूसरे लेयर में पुलिस की सुरक्षा है। इतनी सुरक्षा घेरे के बीच दो गाड़ियां होटल की पार्किंग में पहुंची। कंप्यूटराइज चेकिंग में इन दोनों गाड़ियों का नंबर मैच हुआ तो हड़कंप मच गया।आनन फानन में मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चालान से बचने के लिए लगाया फर्जी नंबर प्लेट

प्राथमिक जांच में पता चला है कि एक कार का नंबर प्लेट फर्जी है। पुलिस ने इस कार को जब्त करते हुए ड्राइवर को अरेस्ट किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ड्राइवर ने बताया कि वह चालान से बचने के लिए लगाया था। उधर, असली नंबर प्लेट वाली गाड़ी के मालिक ने बताया कि उसे लगातार चालान मिल रहे थे और वह चालान भरकर परेशान हो गया था। उसने इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दी थी।

# 'अवैध बांग्लादेशियों को काम पर न रखें'

## टाटा, अडानी और महिंद्रा समूह से असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने की गुजारिश

**मुंबई।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बड़ा बयान दिया है। असम सीएम ने सोमवार को उद्योगपतियों से अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को 'सस्ते श्रम' के चलते काम पर न रखने की गुजारिश की है। उन्होंने टाटा, अडानी समूह और महिंद्रा सहित कॉरपोरेट घरानों के कई लोगों से मुलाकात के बाद मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

### असम सीएम ने क्या कहा?



असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि ऐसे प्रवासियों को काम पर न रखकर बांग्लादेश से अवैध प्रवास की समस्या की जड़ पर प्रहार करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि उद्योग की ओर से नियुक्त बिचौलिये बांग्लादेश से सस्ता श्रम पाने के लिए इन श्रमिकों को काम पर रखते हैं। यह पूछने पर कि क्या वीकेंड में उद्योग प्रमुखों के साथ उनकी बैठक के दौरान यह मुद्दा उठा? उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दे पर दोबारा जोर देने की कोई जरूरत नहीं।

### असम के लिए एक लाख करोड़ रुपए का निवेश

राज्य को उम्मीद है कि फरवरी में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले 'एडवांटेज असम 2.0' निवेश शिखर सम्मेलन में केंद्र सरकार और उसके साथ संबद्ध संस्थाओं से एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता मिल सकती है। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन 25-26 फरवरी को किया जा रहा है। इसमें पर्यटन, सेमीकंडक्टर और रक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने पर खासतौर से जोर होगा।

# समुद्री तट पर जमीन वैध साबित करने के लिए 102 नक्शों से छेड़छाड़

## दो पूर्व सरकारी कर्मी समेत 4 गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई के तटवर्ती इलाके में भूमि रिकॉर्ड में छेड़छाड़ के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें महाराष्ट्र सरकार के दो पूर्व कर्मचारी भी शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने तटीय नियमन क्षेत्र (सीआरजेड) और नो डेवलपमेंट जोन (एनडीजेड) के तहत आने वाली जमीनों पर निर्माण के लिए संपत्ति रिकॉर्ड में बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ की।



### हाईकोर्ट ने की थी SIT गठित

बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर एक एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया था। एसआईटी ने जांच में खुलासा किया है कि उसने मुंबई तटरेखा के किनारे तटीय विनियमन क्षेत्र और नो डेवलपमेंट जोन भूमि पर बड़े स्तर पर कंस्ट्रक्शन पाया। इतना ही नहीं जमीन में निर्माण के लिए संपत्ति रिकॉर्ड में बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ की गई। जांच के बाद बड़े स्तर पर भूमि घोटाले का पर्दाफाश हुआ।

### चार लोगों पर शिकंजा

तट के किनारे कम से कम 102 संपत्ति मानचित्रों से जुड़े घोटाले के लिए पिछले सप्ताह दो पूर्व सरकारी कर्मचारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुल मिलाकर, बीएमसी और भूमि रिकॉर्ड अनुभाग के 18 सरकारी कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

### इन लोगों पर आरोप

इसके अलावा सामने आया कि कुछ रियल एस्टेट एजेंट्स, राज्य सरकार के अधिकारी, नगर निगम के कर्मचारी और ठेकेदार इस मामले में शामिल थे। इन्होंने ही मार्वे, मड आइलैंड, वर्सोवा और अन्य पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील स्थानों में भूमि रिकॉर्ड में बदलाव किया। इस हेरफेर का मामला सबसे पहले मलाड के एरंगल के एक किसान वैभव मोहन ठाकुर सामने लाए थे। वैभव एक पैतृक कृषि भूमि के मालिक हैं।

### क्या है पूरा मामला?

वैभव ठाकुर ने 2021 में अपने प्लॉट और आस-पास की जमीनों पर अवैध निर्माण के खिलाफ गोरेगांव पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने पाया कि सीआरजेड और एनडीजेड भूखंडों को बनाने के लिए क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत करने के लिए सरकारी रिकॉर्ड में जालसाजी की गई थी। हालांकि, बीएमसी और गोरेगांव पुलिस सहित अन्य अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने अपनी याचिका में यह भी आरोप लगाया था कि 884 नक्शे फर्जी बनाए गए और कुछ घरों को 1964 से पहले बने हुए दिखाया गया। उन्होंने यह भी कहा था कि माध द्वीप पर निर्माण को सीआरजेड नियमों से बचने के लिए नक्शों में बदलाव किया गया था। कुछ समय के बाद भूमि अभिलेख उपाधीक्षक नितिन सालुंखे ने 2021 में एक और प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में अवैध निर्माण को नियमित करने के लिए 2012 और 2020 के बीच नक्शे और दस्तावेजों में जालसाजी की गई। यह मामला 2022 में विधानसभा में गूंजा और सरकार को एक जांच समिति गठित की। बाद में मामले की गंभीरता को देखते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में अक्तूबर 2024 में एसआईटी गठित करने का आदेश दिया।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव | अकेले लड़ेगी भाजपा!

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इस साल निकाय चुनाव होने है। जल्द ही इसका बिगुल बज सकता है। ऐसे में राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। मनपा चुनाव लड़ने के इच्छुकों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। लेकिन हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में एकसाथ लड़ने वाले दल निकाय चुनाव में भी एकसाथ लड़ेंगे इस पर सवाल खड़े हो रहे है। सबसे बड़ा सवाल बना यह है कि इस बार भाजपा और कांग्रेस अपने सहयोगियों को साथ रखेगी या नहीं या फिर अकेले दम पर यह भिड़ंत होगी। अलग-अलग




संभावनाओं के बीच क्षेत्रीय व राज्य स्तरीय दलों की अड़चनें बढ़ने के आसार दिखाई दे रहे हैं। राज्य के दो प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने अभी सहयोगी तय नहीं किए हैं। दोनों दलों के प्रमुख नेता खुले तौर पर कह रहे हैं कि गठबंधन का निर्णय स्थानीय स्तर पर लिया जाएगा। गौरतलब है कि मार्च 2022 में मनपा पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी अब तक चुनाव नहीं हो पाए हैं। ओबीसी आरक्षण के मामले को लेकर चुनाव लंबित है। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

# उद्धव ने भी अपनाया 'एकला चलो' रुख

### भाजपा अकेले लड़ सकती है निकाय चुनाव?

महाराष्ट्र निकाय चुनावों से पहले भाजपा ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर लिया है। भाजपा ने एक मजबूत सदस्यता अभियान के साथ-साथ बूथ, मंडल और जिलों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिए अपनी संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

### विधानसभा चुनाव में जीत से बढ़ा आत्मविश्ववास

अब सवाल यह आता है कि भाजपा अकेले क्यों चुनावी मैदान में उतरने वाली है? इसका सीधा सा जवाब यह है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिली बंपर जीत। इस जीत के बाद मुख्यमंत्री बने देवेंद्र फडणवीस का नागपुर में ग्रैंड वेलकम हुआ था। तब इसे एक शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा गया था। इस महाजीत के आत्मविश्वास को साथ लेकर भाजपा अकेले के दम पर निकाय चुनाव लड़ कर एक संदेश देने की कोशिश में है।

### शिवसेना (यूबीटी) ने अपनाया एकला चलो का रुख

शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुंबई में प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर अपनी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया। उद्धव ठाकरे ने विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद अब निकाय चुनाव में अपने प्रदर्शन को बेहतर करने के प्रयास में जुट गए है। महाविकास अघाड़ी के बावजूद मिली हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने अब एकला चलो का रुख अपनाया है।

# राज्यपाल से मिले बीजेपी विधायक धस समेत कई नेता

## मुंडे को कैबिनेट से हटाने की रखी मांग

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बीड के मसजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला। उन्होंने देशमुख हत्याकांड मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए राज्य मंत्री धनंजय मुंडे को कैबिनेट से हटाने की मांग की। भाजपा विधायक सुरेश धस समेत कई नेताओं ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इसमें नेताओं ने कानून के शासन और न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए कड़ा कदम उठाने की अपील की।



नेताओं ने मुंडे से इस्तीफा देने, कराड के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने, लापरवाह पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और बीड में जबरन वसूली और गुंडागर्दी पर काबू पाने के लिए कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान जबरन वसूली की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई, जिसका नतीजा देशमुख की हत्या है।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस के अनुसार, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है। बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की वसूली की जा रही थी। देशमुख ने इस जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद नौ दिसंबर को उनका अपहरण किया गया और फिर हत्या कर दी गई। उनकी मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, कुछ दिन पहले, महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। कराड को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

### कई गंभीर आरोप लगाए

इन लोगों ने यह आरोप भी लगाया गया कि 28 मई, 2024 को अवादा पावर प्राइवेट लिमिटेड के एक अधिकारी का अपहरण हुआ था, जिसे समय पर पुलिस ने बचा लिया था, लेकिन बीड पुलिस को इस मामले में लापरवाही के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। ज्ञापन में कहा गया कि कराड ने अवादा अधिकारियों से बार-बार दो करोड़ रुपये की मांग की। इस साल छह दिसंबर को अपने साथियों के साथ कंपनी के सुरक्षा कर्मियों पर हमला किया था।

### किसने दिया ज्ञापन?

बता दें, यह ज्ञापन पूर्व सांसद संभाजीराजे छत्रपति, बीड से राकांपा (सपा) के सांसद बजरंग सोनावने, कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार, विधायक जितेंद्र आव्हाड समेत अन्य नेताओं ने हस्ताक्षरित किया।

# 23 मंजिला रोबोटिक पार्किंग टॉवर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**मुंबई।** माटुंगा सेंट्रल रेलवे स्टेशन के बाहर 23 मंजिला रोबोटिक पार्किंग टॉवर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे नागरिक कार्यकर्ताओं को अब 30 दिन से अधिक समय हो गया है, और वे अभी भी अपने आरटीआई के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने स्टेशन के पास मौजूदा पार्किंग स्थलों की संख्या और मुंबई फायर ब्रिगेड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की एक प्रति प्राप्त करने के लिए निवेदन दायर किया था।

सूत्रों के अनुसार, बीएमसी के मुख्य अभियंता (सड़क और यातायात) गिरीश निकम ने कार्यकर्ताओं को उनके सवालों का जवाब देने के लिए सोमवार को एक और बैठक के लिए आमंत्रित किया है। पिछली बैठक में, बीएमसी ने ऑन-रिकॉर्ड दस्तावेज उपलब्ध कराने में विफलता दिखाई थी, जो सार्वजनिक डोमेन में होने चाहिए थे। चेतन त्रिवेदी, जिन्होंने आरटीआई दायर किया, ने कहा, ₹मैंने बीपी विभाग और फायर ब्रिगेड कार्यालय का शारीरिक रूप से दौरा किया। बीपी विभाग ने मुझे सीएस नंबर प्रदान करने के लिए कहा, लेकिन बीएमसी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रही है।₹ उन्होंने यह भी बताया कि फायर ब्रिगेड ने पहले कहा था कि जिस प्लॉट पर प्रोजेक्ट की योजना बनाई गई है, उसमें सिटी सर्वे नंबर नहीं है, इसलिए एनओसी की कॉपी उपलब्ध नहीं हो पा रही।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) विभाग

संख्याः ई.ई.मेक/3569/रेफ. दिनांक 03.01.2025

### ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (एम एंड ई) |
| उप विभाग | उप मुख्य अभियंता (एम एंड ई) शहर/पूर्व अभियंता यांत्रिक (रेफ्रिजरेशन) |
| बोली संख्या | 1) 2025_MCGM_1133207_1 |
| विषय | 1) LTMG अस्पताल, HDU विभाग BYL नायर अस्पताल के पशु गृह में AHU/AC इकाइयों और KEM अस्पताल में आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र के नेगेटिव प्रेशर रूम और क्लीन रूम की CSMC 01.02.2025 से 31.01.2028 तक।<br>ई.ई. यांत्रिक/रेफ. /T-48 दिनांक 03.01.2025 |
| बोली आरंभ तिथि एवं समय | 07.01.2025 प्रातः 11:00 बजे |
| पूर्व बोली बैठक | -- |
| बोली समाप्ति तिथि एवं समय | 13.01.2025 सायं 16.00 बजे |
| वेबसाइट | http://portal.www.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी का नाम | श्री.ए.के.जम्भोरे |
| लैंड लाइन नं | -- |
| मोबाइल नं. | 9930128387 |
| ईमेल | eemechref.me@mcgm.gov.in |

हस्ता./-

पीआरओ/2141/विज्ञा./2024-25 ई.ई.मैकेनिकल (रेफ्रिजरेशन)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# ताकि बाल मन रहे सुरक्षित

निस्संदेह, डिजिटल दौर ने बच्चों के जीवन को गहरे तक प्रभावित किया है। आज सोशल मीडिया युवाओं के संवाद का अभिन्न माध्यम बन गया है। लेकिन इसके साथ तमाम तरह के जोखिम भी जुड़े हैं, जिनसे किशोरों को बचाने की सख्त जरूरत है। भारत में वर्ष 2023 में लाए गए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा एक सराहनीय कदम है। दुनिया के विभिन्न देशों में ऐसे कानून पहले से ही मौजूद हैं। यूरोपीय संघ के जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन के लिये सोलह साल से कम उम्र के उपयोगकर्ताओं के लिये माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। वहीं यूएस चिल्ड्रन ऑनलाइन प्राइवेसी प्रोटेक्शन एक्ट में 13 वर्ष के उपयोगकर्ताओं के लिये कड़े नियम लागू किए गए हैं। दरअसल, इन कानूनों का मकसद नाबालिगों को साइबर बुलिंग, शोषण व गोपनीयता के उल्लंघन से बचाना है। भारतीय कानून में भी इन नियमों का ध्यान रखा गया है। दरअसल, इन प्रावधानों की जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही है कि पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को बताया। दरअसल, भारत के प्रस्तावित नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को फुलप्रूफ बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिये सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। इस दिशा में स्थायी परिवर्तन के लिये माता-पिता, शिक्षक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर तालमेल बनाना वक्त की जरूरत है। साथ ही बच्चों को विवेकशील बनाने की दिशा में पहल की जानी चाहिए ताकि वे अपना भला-बुरा समझ सकें। इस दिशा में निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसियों की सजगता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह एक गंभीर विषय है और गंभीरता के साथ चुनौती का सामना करने की जरूरत बताता है।

# सांस्कृतिक विरासत के प्रति लोगों का रुझान बढ़ाएं





ज्योति मल्होत्रा

नए साल का सबसे बढ़िया तोहफा, जो आप खुद को दे सकते थे, वह रहा भूपेन खाखर, जे. स्वामीनाथन और केजी सुब्रमण्यन की संगति। इसकी सबसे बढ़िया बात यह है कि यह सोहबत आपको किसी अन्य के साथ बांटने की ज़रूरत नहीं पड़ती। रामचंद्रन अपने काम में कहीं इधर-उधर विचरते दिखाई देते हैं। मेधावी नलिनी मालनी अपनी ही दुनिया में डूबी हुई हैं, इसलिए आपको निजता में किसी के खलल के बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं – देखिए तो उन्हें कहां स्थान दिया गया है, एक कदम पीछे हटकर, उन्हें सभी कोणों से देखें, जिसमें पार्श्व हिस्सा भी शामिल है। आप पाएंगे कि कैनवास पर बने सभी तैलीय चित्र दीवार पर सुतली से लटके कार्ड-बोर्ड के टुकड़े पर चिपके हुए हैं। आप अपनी पीठ पर रोमांच से उठने वाली सिहरन के प्रलोभन को महसूस करते हैं, जो आपको करना तो नहीं चाहते लेकिन फिर भी आप जानते हैं कि यह हो जाता है। आपको इस पर काबू रखना ही होगा।

अब समय है चंडीगढ़ में पंजाब विश्वविद्यालय के ललित कला संग्रहालय की अगली गैलरी में सजे आधुनिक मास्टर पेंटरों की ओर बढ़ने का। वैसे तो इस लेख का शीर्षक आसानी से हो सकता था : 'एक पेंटिंग कैसे चुराई जाए और कैसे इसके साथ जाएं'- सिवाय इसके कि ऐसा कुछ है नहीं। यह सब पेंटिंग्स बेहद कीमती हैं। साथ ही, शायद, इस तथ्य में कुछ आकर्षक है कि दुनिया के अधिकांश लोग भूल बैठे हैं कि यह काम भी मौजूद हैं – निश्चित रूप से इसका ब्योरा किसी वेबसाइट पर नहीं है – इसलिए जब आपको अचानक इनके दर्शन का सौभाग्य मिले तो आपके दिमाग में विचार उमड़ते हैं। हां, अगर यह पेंटिंग्स आपकी अपनी निजी जगह पर होती तो इनको निहारते हुए आप नववर्ष जैसे विशेष अवसर पर एक-दो समोसों का लुत्फ ले सकते थे। आखिरकार, सामने की दीवार पर भूपेन खाखर का जो काम लटका हुआ है, उसका शीर्षक भी है 'कसौली में ना श्ता'। खाने के शौकीनों को निश्चित रूप से इस आइडिये से खुशी होगी।

और भी बहुत कुछ है। इस इमारत को बीपी माथुर ने डिज़ाइन किया था, वह वास्तुकार, जिन्होंने विश्वविद्यालय के मुख्य वास्तुकार-योजनाकार पियरे जिएनेरे के साथ काम किया था। संग्रहालय में समकालीन दिग्गज कलाकारों के संग्रह में लगभग 1,200 कलाकृतियां है, इनकी सेवा-संभाल चंडीगढ़ के प्यारे बेटे और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कला इतिहासकार, बीएन गोस्वामी के अलावा और कौन कर सकता था, जो एक साल पहले, अपने निधन तक, द ट्रिब्यून के लिए एक काफी पठनीय कॉलम लिखा करते थे। इसके अलावा, अब जबकि मैं भी सिटी ब्यूटीफुल की पहचानधारी कार्ड सदस्य हूं, मुझे अहसास होता है कि मैं इतिहास और संस्कृति, दोनों की, मौजूदगी में हूं।

कुलविंदर तेजी से अंदर आता है। उनकी कुछ गुस्सैल हरकतें गैलरी की ठंडी हवा में हलचल कर देती हैं- अब तक तो वहां सिर्फ मैं और दिग्गज कलाकार थे। रामचंद्रन की पेंटिंग में चर्च में चिंतन करने में मग्न भिक्षुओं की पेंटिंग देखकर ऐसा लगता है मानो आंद्रेई रुबलिएव के स्टाइल से प्रेरित हो। अटेंडेंट, जो रिसेप्शन एरिया में हीटर पर अपने हाथ गर्म करना पसंद करती है, मुझे बताती है, 'काफी लोग आते हैं म्यूजियम में, हर दिन कम-से-कम 10-12 लोग।' मैं कुलविंदर से पूछती हूं कि क्या यहां कोई गाइड है। वह तल्खी से जवाब देता है : 'मुझे नहीं पता, मैं टेक्निकल डिपार्टमेंट से हूं।'

अगर चंडीगढ़ आज वह है जो 40 साल पहले दिल्ली हुआ करती थी, तो आप इसके म्यूजियम के हालात की कल्पना कर सकते हैं – सरकारी उदासीनता के तले छिपे हुए रत्न। सेक्टर 10 में स्थित सरकारी संग्रहालय और आर्ट गैलरी, जिसे ली कॉर्बूजिए ने स्वयं डिजाइन किया था, वहां लकड़ी का बहुत बड़ा दरवाजा है जो एक ही धुरी पर घूम सकता है – ऐसे बड़े-बड़े दरवाजे आप हरियाणा-पंजाब विधानसभा के संयुक्त भवन में भी देख सकते हैं, जिसे ली कॉर्बूजिए ने कैपिटॉल कॉम्प्लेक्स के एक छोर पर डिजाइन किया था, जो कि अपने-आप एक शानदार परिसर है। होना तो यह चाहिए था कि सर्दियों की धूप का आनंद लेते लोगों और मूंगफली बेचने वालों से सजा नयनाभिराम दृश्य देखने को मिलता, लेकिन इसके बजाय इसे सुरक्षा के नाम पर एक अति विशेष क्षेत्र में बदल दिया गया है, जिसका अर्थ है कि केवल वीवीआईपी और पंजीकृत आगंतुक ही वहां जा सकते हैं- लेकिन वास्तविक अनुभव तब शुरू होता है, जब आप कॉर्बूजिए के दरवाजे से सरकारी संग्रहालय में प्रवेश करते हैं।

वहां उपलब्ध ब्रोशर सिर्फ फ्रेंच में हैं। (कॉर्बूजिए चूंकि स्विस-फ्रेंच मूल के थे, इसलिए ऐसा लगता है कि वहां से आए लोगों के वास्ते है।) मेरे साथ रैंप पर चलती गाइड- जिसका नाम गीतांजलि है– ने बताया 'अंग्रेजी वाले खत्म हो चुके हैं।'

एक दीवार पर मृणाल मुखर्जी द्वारा बनाई रस्सी से बनी एक खूबसूरत रचना लटकी हुई है, सिवाय इसके कि नीचे का हिस्सा घिसा हुआ है। आप पहली मंजिल पर पहुंचते हैं और कांस्य की कलाकृतियां, संघोल उत्खनन में मिले ऐतिहासिक अवशेष, गांधार की मूर्तियां और आगे के कमरों में सजी पहाड़ी पेंटिंग देखकर दंग रह जाते हैं। ऐसा लगता है कि आमतौर पर चंडीगढ़ के प्रथम नागरिक के रूप में जाने जाते एमएस रंधावा ने स्वतंत्रता के तुरंत बाद राजाओं-जागीरदारों के कलात्मक संग्रहों को खंगाला होगा और उनसे अपना यह कीमती सरमाया छोड़ने का अनुरोध किया होगा ताकि कला संग्रहालय सुशोभित हो सके। इस तरह बीएनजी, जैसा कि उत्तर भारत के सभी लोग प्यार से बीएन गोस्वामी को बुलाते हैं, ने हमारी अपनी विरासत को समझने और बूझने में क्रांति ला दी।

चंडीगढ़ संग्रहालय में कई सालों से पूर्णकालिक निदेशक नहीं है, वर्तमान में जो प्रभारी है वह एक उप-मंडलीय मजिस्ट्रेट भी हैं, वे छुट्टी पर थे क्योंकि उनकी शादी होने वाली थी। लेकिन जब गीतांजलि ने मुझे बताया कि सिकंदर महान समुद्र के रास्ते गांधार पहुंचे थे, तो मैं समझ गई, अब यहां से निकलना चाहिए। यह एलांते मॉल जाने का भी समय है, ताकि यह देखा जा सके कि चंडीगढ़ में वास्तव में क्या पसंदीदा है- संग्रहालय जैसी उबाऊ जगहों के विपरीत। शायद यूटी के गृह सचिव मंदीप बरार, जो अपने सिटी ब्यूटीफुल की पर्यटन संभावना को बेहतर बनाने के मिशन पर हैं, उन्हें एलांते के लोगों को अपनी टीम में जोड़ना चाहिए। उन्हें पता है : लोगों को संग्रहालयों व कला दीर्घाओं में कैसे लुभाया जाए ताकि वे इतिहास व संस्कृति का भी आनंद ले सकें? शहर को मुक्त बनाएं। इसे माई-बाप वाली संस्कृति से छुटकारा दिलाओ। सुरक्षा के नाम पर भेद-भाव बंद हो।

शहर सबके लिए एक बराबर हो। चंडीगढ़ बनाते वक्त के मूल विचार को पुनः स्थापित करें, समय से बहुत आगे के 'स्मार्ट शहर' के विचार पर। इस साल, लोगों की आवाज़ सुनें, ठीक वैसे ही जैसे हम द ट्रिब्यून में करते हैं। वर्ष 2025 की शुभकामनाएं, दोस्तो!

जीवन मंत्र

सद्गुरु जग्गी वासुदेव

# मुक्ति, मोक्ष या निर्वाण

गुरु ने मोटी-मोटी लकीरों से एक राह का चित्र बनाया था। सम्राट को बड़ी निराशा हुई। उसने सब्र खोकर पूछा, 'कोई रास्ता बनाए हैं, तो उसे महल, मंदिर या बाग में पहुंचना चाहिए था।

चीन में एक जेन (बौद्ध) गुरु थे। वह बहुत अच्छे चित्रकार भी थे। उनकी प्रशंसा सुनकर सम्राट ने एक दिन उन्हें एक दिन अपने महल में बुलवाया और निवेदन किया, 'मैं चाहता हूं कि आपका चित्र मेरे महल सजाए।' गुरु ने कहा, 'मुझे एक कमरा चाहिए।'

राजमहल के अंदर ही सभी सुविधाओं से पूर्ण एक सुंदर कक्ष उन्हें दिया गया। एक महीने बाद सम्राट यह देखने के लिए कि चित्र कहां तक बना है, गुरु के कक्ष में पहुंचे। गुरु ने एक छोटी लकीर तक नहीं खींची थी। सम्राट को देख गुरु ने कहा, 'तीन वर्ष तक मुझे परेशान किए बिना अकेले छोड़ दो।' सम्राट ने लाचार होकर गुरु की बात मान ली। तीन वर्ष पूरे होने का दिन आया। बड़ी उत्सुकता के साथ सम्राट ने चित्रकार गुरु के कमरे में प्रवेश किया। गुरु ने मोटी-मोटी लकीरों से एक राह का चित्र बनाया था। सम्राट को बड़ी निराशा हुई। उसने सब्र खोकर पूछा, 'कोई रास्ता बनाए हैं, तो उसे महल, मंदिर या बाग में पहुंचना चाहिए था। चित्र को उस रूप में पूरा किया होता, तो सुंदर रहता न? समझ में नहीं आ रहा है कि यह पथ कहां जाता है?'

जेन गुरु मुस्कराए। उस पथ पर



दाखिल होकर ओझल हो गए। लौट कर आए ही नहीं। इसी तरह विश्व के साथ जीव का एकाकार होकर मिलना ही समाधि की स्थिति है। ज्ञानमार्ग में यात्रा करने वाला हर व्यक्ति जहां पहुंचना चाहता है, वह लक्ष्य है समाधि की स्थिति। एक बहुत पुराना दृष्टांत इसे स्पष्ट कर देगा। हवा में उड़ने वाला एक बुलबुला खास रूप में अपने व्यक्तित्व के साथ उड़ रहा है। कुछ समय बाद वह फूट जाता है। लेकिन उतनी देर तक उसके अंदर जो वायु थी, वह अब कहां है, उसे अलग से चिह्नित नहीं किया जा सकता। शरीर रूपी यंत्र के अंदर तालाबंद जीव की स्थिति भी वही है। उसे छुड़ाकर सृष्टि के साथ एकाकार रूप से मिलाने की उन्नत स्थिति को प्राप्त करना ही समाधि-स्थिति है।ऐसा विचार उठ सकता है कि इसके लिए इतनी सारी साधना-अभ्यास करने की क्या जरूरत है। गर्दन काट लें, तो बात बन जाएगी न? यह सच है कि शरीर को ध्वस्त करें, तो वह जीव को ढोने की क्षमता को गंवा देगा और प्राण निकल जाएंगे। लेकिन यह समाधि की स्थिति नहीं, आत्महत्या है। तो समाधि की स्थिति किसे कहते हैं? शरीर को जरा भी क्षति पहुंचाए बिना, जैसे घर से बाहर कदम रखते हैं, उसी तरह बाहर छोड़ने वाली सांस के साथ प्राण भी शरीर को तजकर शून्य के साथ एकाकार हो जाए, तो यह स्थिति महासमाधि है। इसे अपने मनचाहे क्षण में रच लेते हैं महापुरुष। वैसे, मुक्ति, मोक्ष, निर्वाण आदि इस अवस्था को बताने के आकर्षक शब्द हैं।

शख्सियत | जीन-पियरे रामपाल

## आधुनिक समय में एकल बांसुरी के पहले प्रतिपादक



जीन-पियरे लुई रामपाल (7 जनवरी 1922 - 20 मई 2000) एक फ्रांसीसी बांसुरी वादक थे। उन्हें व्यक्तिगत रूप से बांसुरी की लोकप्रियता को एक एकल शास्त्रीय वाद्य के रूप में वापस लाने का श्रेय दिया गया है जो 18 वीं शताब्दी के बाद से आयोजित नहीं किया गया था। रामपाल शास्त्रीय फ्रांसीसी बांसुरी परंपरा में एक वादक थे, हालांकि उनकी बेहतर तकनीकी सुविधा के पीछे अभिजात वर्ग उत्तरी पेरिस के संस्थानों के अधिक औपचारिक चरित्र के बजाय भूमध्यसागरीय दक्षिण का घुड़सवार 'लैटिन' स्वभाव था। उनके पिता को हेनेबेन्स ने पढ़ाया था, जिन्होंने रेने ले रॉय और मार्सेल मोयस को भी पढ़ाया था।

मार्सिले में जन्मे एंड्री (नी रोगेरो) और बांसुरीवादक जोसेफ रामपाल की इकलौती संतान जीन-पियरे रामपाल आधुनिक समय में एकल बांसुरी के पहले प्रतिपादक बन गए, जिन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय संगीत कार्यक्रम में स्थापित किया, और प्रशंसा को आकर्षित किया और सेलिब्रिटी गायकों, पियानोवादकों और वायलिन वादकों द्वारा पसंद किए गए दर्शकों की तुलना में बड़े दर्शक। चूंकि एकल बांसुरी को आर्केस्ट्रा संगीत समारोहों में व्यापक रूप से प्रदर्शित किया जाना असामान्य था, यह द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद के वर्षों में आसानी से नहीं किया गया था; हालांकि, रामपाल की प्रतिभा और उपस्थिति - वह इतना पतला वाद्य यंत्र चलाने वाला एक बड़ा आदमी था - ने जेम्स गॉलवे और इमैनुएल पाहुद जैसे फ्लोटिस्ट सुपरस्टार की अगली पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त किया । रामपाल शास्त्रीय फ्रांसीसी बांसुरी परंपरा में एक वादक थे, हालांकि उनकी बेहतर तकनीकी सुविधा के पीछे अभिजात वर्ग उत्तरी पेरिस के संस्थानों के अधिक औपचारिक चरित्र के बजाय भूमध्यसागरीय दक्षिण का घुड़सवार 'लैटिन' स्वभाव था। उनके पिता को हेनेबेन्स ने पढ़ाया था, जिन्होंने रेने ले रॉय और मार्सेल मोयस को भी पढ़ाया था। उनकी खेल शैली की विशेषता एक उज्ज्वल ध्वनि, सूक्ष्म स्वर रंगों के एक समृद्ध पैलेट द्वारा प्रकाशित वाक्यांशों की एक मधुर लालित्य थी । उन्होंने अपने सुनहरे दिनों में दर्शकों को रोमांचित करने वाली एक तेजतर्रार, हल्की-फुल्की कलात्मकता का परिचय दिया, और उनके द्वारा बजाए गए संगीत की भावना के अनुसार उनका प्राकृतिक कंपन अलग-अलग था। इसके अतिरिक्त, रामपाल अपने गायन की गति को खोए बिना विस्तारित तीव्र मार्ग के बीच में सांस लेने में सक्षम थे। उनके ऊपरी रजिस्टर और विस्तृत गतिशील रेंज विशेष रूप से उल्लेखनीय थे। जैसा कि उनके शुरुआती रिकॉर्डिंग पर सुनाई गई उनके स्टैकेटो आर्टिक्यूलेशन (उनकी डिटैच) की हल्कापन और कुरकुरापन था। रामपाल द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में बांसुरी को लोकप्रिय बनाने के लिए जाने जाते हैं।

जीवन ऊर्जा

मिलार्ड फिलमोर : जन्म- 7 जनवरी, 1800 | जन्म

मिलार्ड फिलमोर संयुक्त राज्य अमेरिका के 13वें राष्ट्रपति थे, जिन्होंने 1850 से 1853 तक सेवा की, व्हाइट हाउस में रहते हुए व्हिग पार्टी के सदस्य बनने वाले आखिरी राष्ट्रपति थे। ऊपरी न्यूयॉर्क से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य, फिलमोर को 1848 में 12वें उपराष्ट्रपति के रूप में चुना गया था, और जुलाई 1850 में ज़ाचरी टेलर की मृत्यु के बाद राष्ट्रपति पद के लिए सफल हुए।उनका जन्म 7 जनवरी, 1800 को मोराविया, न्यूयॉर्क, यू.एस. में हुआ था और उनकी मृत्यू 8 मार्च, 1874 को बफेलो, न्यूयॉर्क, यू.एस. में हुई थी।

# सत्य जितना शक्तिशाली कुछ भी नहीं है

सत्य जितना शक्तिशाली कुछ भी नहीं और अक्सर इतना अजीब कुछ भी नहीं है। परिवर्तन को प्रगति समझने की भूल करना कोई अजीब बात नहीं है। कानून ही कमजोरों की एकमात्र सुनिश्चित सुरक्षा है और ताकतवरों पर एकमात्र कुशल अंकुश है। आइए याद रखें कि क्रांतियां हमेशा स्वतंत्रता स्थापित नहीं करतीं। ईश्वर जानता है कि मुझे गुलामी से नफरत है, लेकिन यह एक मौजूदा बुराई है, जिसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं और हमें इसे तब तक सहना होगा, जब तक हम दुनिया में स्वतंत्र सरकार की आखिरी उम्मीद को नष्ट किए बिना इससे छुटकारा नहीं पा लेते। चर्च और



राज्य अलग-अलग होने चाहिए, न केवल रूप में, बल्कि तथ्य में भी - धर्म और राजनीति को एक साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्र, प्राकृतिक अवस्था में व्यक्तियों की तरह, समान और स्वतंत्र होते हैं, जिनके पास कुछ अधिकार होते हैं और एक-दूसरे के प्रति कुछ कर्तव्य होते हैं। मैं सभी पंथों के प्रति सहिष्णु हूं। फिर भी यदि किसी संप्रदाय को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है तो मैं उसका राजनीतिक विरोध करूंगा। मेरे विचार में चर्च और राज्य अलग-अलग होने चाहिए, न केवल रूप में, बल्कि तथ्य में भी।

धर्म और राजनीति को आपस में नहीं जोड़ना चाहिए। जीवन की प्रत्येक आवश्यकता को पूरा करने की क्षमता हमें युद्ध के साथ-साथ शांति में भी स्वतंत्र बनाती है।प्रोस्टेट के प्रति उदारता से काम करना विवेकपूर्ण होगा।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# प्रत्येक महान कार्य से गुजरने की तीन अवस्थाएं

प्रत्येक महान कार्य को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है उपहास, विरोध और स्वीकृति।

**उपहास**

मानव मन का एक स्वभाव यह भी है कि वह स्वयं कुछ श्रेष्ठ करना नहीं चाहता है और जो करना चाहता है उसे भी नहीं



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



करने देना चाहता है सामने वाले के मनोबल को गिराने का सबसे सशक्त हथियार है कि उसका अथवा उसके द्वारा किये जा रहे कार्य का उपहास किया जाए, जिससे करने वाला स्वयं पीछे हट जाए।

**विरोध**

जहाँ उपहास से बात नहीं बनती फिर वहां से विरोध जन्म लेना शुरु करता है। मनुष्य हर उस महान कार्य का विरोध करता है जो वह स्वयं कर नहीं सकता। मनुष्य मन बड़ा ही ईर्ष्यालु होता है। इसलिए दूसरे का यशकीर्ति मान प्रतिष्ठा वह कभी देख ही नहीं सकता। अच्छा करने जाओगे तो विरोध होगा जरूर ये पक्की बात है।

**स्वीकृति**

उपहास और विरोध जैसे आत्मबल को गिराने वाले अस्त्र जहां निष्फल हो जाते हैं फिर वहाँ एक ही रास्ता बचता है और वो है स्वीकृति। महान कार्य करते समय कभी जीवन में विरोध होने लगे तो अपने आत्मबल को कमजोर किये बगैर धैर्य से काम लेना और ये बात स्मरण रखना कि प्रभु श्री राम का विरोध हुआ तो भगवान श्रीकृष्ण का भी विरोध हुआ और न जाने कितने कितने महापुरुष हुए जिनका कभी उपहास हुआ विरोध हुआ मगर अंततोगत्वा समाज को उनके विराट व्यक्तित्व और आदर्श चिंतन के सामने नतमस्तक होकर बड़े पूजनीय भाव के साथ उन्हें स्वीकार करना पड़ा। बादलों की ओट में आ जाने पर सूर्य का अस्तित्व नहीं मिटा करता। इसलिए जो श्रेष्ठ आप कर सकते हैं वो करिए, लोग हँसेगे, लोग जलेंगे, मगर आपकी कीर्ति के प्रकाश को धूमिल नहीं कर पायेंगे।

## परिवर्तन जीवन का एक अभिन्न अंग है



जीवन में स्थिर कुछ भी नहीं है। यहां हर समय कितना कुछ परिवर्तन होता रहता है। नित्य परिवर्तन जीवन का एक अभिन्न अंग है। सृष्टि में पलपल बहुत कुछ बदलता रहता है। यहाँ न सुख स्थिर है न दुःख स्थिर है। न वस्तु स्थिर है, न पदार्थ स्थिर है और तो और न जीवन स्थिर है। न मृत्यु स्थिर है, प्रतिक्षण नवीनता जीवन का स्वभाव है। यहाँ आने वाला हर क्षण नवीन है। प्रत्येक क्षण परिवर्तनशील है। प्रतिक्षण परिवर्तन की स्वीकारोक्ति ही जीवन में प्रसन्नता का आधार है। नवीनता केवल प्रकृति में ही नहीं, अपितु हमारी प्रवृत्ति में भी आनी चाहिए।

समय के साथ-साथ हमारे विचारों का परिमार्जन भी होना चाहिए एवं हमारे जीवन जीने का ढंग भी अवश्य बदलना चाहिए। नये विचार हमारे जीवन में नव ऊर्जा का संचरण करते हैं। प्रतिक्षण नवीनता में जीने के कारण ही पुष्प सबका प्रिय बनता है। एक नये संकल्प, एक नईं उमंग, एक नये उत्साह के साथ जीवन को आनंदमय बनाने का प्रयास करें। मौसम ही नहीं हमारी मानसिकता भी बदलनी चाहिए।

## अपने विचार

रमेश बिधूड़ी मेरे 80 साल के पिता को गाली दे रहे हैं। क्या आप चुनाव के लिए इतनी गंदी राजनीति करेंगे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस देश की राजनीति इतनी गिर सकती है।



**-आतिशी,** दिल्ली की मुख्यमंत्री

पूरा देश शिरडी साईं भंडारा में फोकट मुफ्त में खाना खा रहा है। साईं मंदिर के भंडारा में मिलने वाले मुफ्त भोजन को उन्होंने पेड बनाने की मांग रखी है।भक्तों से भोजन के लिए 25 रुपए लिए जाना चाहिए और इस पैसे को बच्चों के शिक्षा पर खर्च किया जाना चाहिए।



**-सुजय विखे पाटिल,** पूर्व सांसद

अरविंद केजरीवाल को आज से 'विज्ञापन बाबा' कहा जाना चाहिए. दिल्ली सरकार ने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना के लिए कुल 54 करोड़ रुपये खर्च किए. हालांकि, इस योजना के विज्ञापन पर 80 करोड़ रुपये खर्च हुए।



**-संबित पात्रा,** भाजपा सांसद

मुझे कोर्ट में लाया गया। यहां सीडीजीएम ने मुझे बेल दी लेकिन शर्त रखा गया कि आप फिर से ये सब नही करेंगे। इसलिए मैंने उस बेल को रिजेक्ट कर दिया है और जेल जाना स्वीकार किया है। क्योंकि, यह एक मौलिक लड़ाई है।



**-प्रशांत किशोर,** सुराज पार्टी के प्रमुख

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# भाजपा सदस्यता अभियान 2024: भिवंडी में जोर-शोर से शुरू

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भाजपा संगठन पर्व के उपलक्ष्य में सदस्यता अभियान 2024 भिवंडी शहर की दोनों विधान सभा क्षेत्रों में पूरी ऊर्जा के साथ शुरू हो गया है। अभियान के तहत सभी पदाधिकारियों को 250 प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। महाराष्ट्र विधान परिषद सदस्य और विधायक श्रीकांत भारतीय ने इसे राष्ट्र कल्याण की भावना से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा भिवंडी शहर जिला इकाई ने फेने पाड़ा जनसंपर्क कार्यालय पर सदस्यता महाभियान शिविर का आयोजन किया।



### प्रमुख नेता और पदाधिकारी

इस आयोजन में महाराष्ट्र विधान परिषद सदस्य श्रीकांत भारतीय, भिवंडी पश्चिम विधायक महेश चौगुले, भाजपा भिवंडी शहर जिला अध्यक्ष एडवोकेट हर्षल पाटिल, सदस्यता अभियान संयोजक विशाल पठारे, भाजपा जिला प्रसिद्धि प्रमुख पी.डी. यादव, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगेश यादव, और महासचिव रामनारायण सोनी उपस्थित रहे।

### अभियान की मुख्य बातें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर लोग प्राथमिक सदस्यता के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता आम जनता को प्रेरित कर सदस्यता अभियान को मजबूत बना रहे हैं। सदस्यता अभियान के तहत 250 नए प्राथमिक सदस्यों को जोड़ने का संकल्प लिया गया है। भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आम जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। यह अभियान राष्ट्र निर्माण और पार्टी के संगठनात्मक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बिखरे हुए फ्लैटों, भूखंडों पर लाभार्थियों से कब्जे की तारीख से लिया जाएगा मासिक सेवा शुल्क

दीपक पवार | मुंबई

म्हाडा के विभिन्न प्रभागीय बोर्डों के अधिकार क्षेत्र में बिखरे हुए फ्लैटों और भूखंडों को वितरित करते समय, म्हाडा प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि लाभार्थियों से उसी दिन से मासिक सेवा शुल्क और संपत्ति कर लिया जाएगा, जब वे फ्लैट या भूखंड पर कब्जा करेंगे।

### लाभार्थियों से शुल्क की शुरुआत कब्जे की तारीख से



म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयसवाल ने कहा कि म्हाडा के विभिन्न प्रभाग मंडलों में फ्लैट और भूखंडों का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। हालांकि, बिक्री मूल्य में सेवा शुल्क, संपत्ति कर आदि जैसे शुल्क शामिल नहीं होते हैं। कभी-कभी ड्रॉ के बाद फ्लैट या भूखंड का कब्जा मिलने में देरी होती है, और तब तक वह संपत्ति बोर्ड की होती है।

### कब्जा मिलने के बाद शुल्क लागू करने का निर्णय

जयसवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि फ्लैट या भूखंड का कब्जा देने के बाद, संबंधित संस्था द्वारा बोर्ड के माध्यम से लंबित शुल्क की मांग की जाती है। बिखरे हुए फ्लैटों के लाभार्थियों पर मासिक सेवा शुल्क और संपत्ति कर लगाने का निर्णय लिया गया है, ताकि जब लाभार्थी संपत्ति पर कब्जा प्राप्त करेंगे, तो ये शुल्क उसी दिन से लागू हों।

### सामान्य प्रक्रिया में बदलाव और शुल्क में समावेश

उन्होंने यह भी कहा कि अब से, जब कार्यकारी अभियंता फ्लैट की बिक्री मूल्य तय करेंगे, तो सभी लंबित शुल्कों को बिक्री मूल्य में शामिल किया जाएगा। जिन लाभार्थियों ने पहले ही शुल्क का भुगतान कर दिया है, उनके लिए यह संकल्प लागू नहीं होगा। यदि पिछले महीनों का बकाया है, तो उसका भुगतान बोर्ड द्वारा फ्लैट के बिक्री मूल्य में दिए गए कुशन से किया जाएगा, और इस बोझ को लाभार्थियों पर नहीं डाला जाएगा।

# ठाणे जिला उद्योग केंद्र द्वारा महाराष्ट्र निर्यात सम्मेलन का आयोजन

## समारोह का उद्देश्य एमएसएमई को निर्यात योजनाओं से अवगत कराना

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिला उद्योग केंद्र की ओर से महाराष्ट्र निर्यात सम्मेलन का आयोजन 7 जनवरी को सुबह 9 बजे ठाणे के नियोजन भवन, जिलाधिकारी कार्यालय में किया जाएगा। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ठाणे जिले के लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को निर्यात संबंधी योजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

### निर्यात विशेषज्ञों से मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जाएगी

सम्मेलन में निर्यात विशेषज्ञों द्वारा एमएसएमई को मार्गदर्शन और सहायता भी दी जाएगी। जिलाधिकारी अशोक शिंगारे (बी.पी.एस.) और राज्य निर्यात आयुक्त दीपेंद्र सिंह कुशवाह इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे और उपस्थित लोगों को निर्यात के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए दिशा-निर्देश देंगे।

### उद्योग क्षेत्र के इच्छुक व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया




इस कार्यक्रम में उद्योग क्षेत्र के सभी इच्छुक व्यक्तियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। उद्योग विभाग की संयुक्त निदेशक विजू शिरसाट और जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक सोनाली देवरे ने इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भाग लेने के लिए आग्रह किया है। यह सम्मेलन ठाणे जिले के उद्योगों को निर्यात के नए अवसरों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने और उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# मुंबई में म्हाडा की विशेष अभय योजना

## पुनर्विकसित भवनों के लिए अधिभोग प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए लागू

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

म्हाडा ने मुंबई शहर और उपनगरों में स्थित अपने मुंबई मंडल के तहत अधिभोग प्रमाणपत्र (OC) लंबित रहने वाली हाउसिंग सोसाइटियों के लिए एक विशेष अभय योजना की घोषणा की है। यह योजना लगभग 80 हाउसिंग सोसाइटियों को लाभान्वित करेगी और 10 अप्रैल 2025 तक सीमित समय के लिए लागू रहेगी।

### योजना का विस्तार और प्रभाव

यह योजना उन हाउसिंग सोसाइटियों के लिए लागू रहेगी जिन्होंने 7 जनवरी, 1912 से 12 नवंबर, 2018 तक विन्नी 1991 के तहत निर्माण की अनुमति प्राप्त की है। इस योजना के तहत, म्हाडा द्वारा दिए गए प्लॉट क्षेत्र के अनुसार ही अधिभोग प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। म्हाडा के मुंबई डिवीजन के माध्यम से मुंबई क्षेत्र में आवास योजनाओं की देखरेख की जाती है, और वर्तमान में 114 योजनाओं के तहत लगभग 2.25 लाख फ्लैट उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में से 56 कॉलोनियां पुनर्विकास के अधीन हैं।




### अभय योजना का मुख्य उद्देश्य और लाभ

प्रीमियम अंतर राशि पर ब्याज माफी: जिन हाउसिंग सोसायटियों को इस योजना के तहत प्रीमियम अंतर राशि पर ब्याज लिया गया था, उन्हें अब ब्याज माफ कर दिया जाएगा। इन सोसाइटियों को केवल मूल प्रीमियम राशि का भुगतान करना होगा।

### दंड शुल्क में रियायत

दूसरी अभय योजना के तहत, विकास नियंत्रण नियम 1991 (VINNI) के तहत पुनर्विकसित भवनों को अधिभोग प्रमाणपत्र जारी करने के लिए यह योजना लागू की जाएगी। इस योजना के तहत, जिन हाउसिंग सोसाइटियों पर दंडात्मक शुल्क लगाया गया है, उन्हें 75% तक रियायत दी जाएगी।

### म्हाडा का आह्वान:

मुंबई बोर्ड के मुख्य अधिकारी मिलिंद बोरिकर ने उन सभी संस्थाओं से अपील की है, जिनका अधिभोग प्रमाणपत्र लंबित है, कि वे इस अभय योजना का लाभ उठाएं और अपनी प्रक्रिया को पूरा करें। इस योजना का उद्देश्य पुनर्विकसित भवनों के अधिभोग प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाना है, ताकि हाउसिंग सोसाइटियों और उनके निवासियों को विभिन्न समस्याओं से राहत मिल सके।

# कोंकण डिवीजन पेंशन न्यायालय का आयोजन




डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

कोंकण मंडल का पेंशन न्यायालय प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को आयोजित किया जाता है। इस माह की पेंशन अदालत 14 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे कोंकण भवन, कमरा नं. 106, सामान्य प्रशासन शाखा, संभागीय आयुक्त कार्यालय, कोंकण भवन में आयोजित होगी। इस पेंशन अदालत में राजस्व विभाग में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का समाधान किया जाएगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबंधित समस्याओं के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। कोंकण संभाग के सभी पेंशन धारकों को इस पेंशन अदालत में उपस्थित होकर अपने पेंशन से संबंधित प्रश्नों का समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# भिवंडी के अशोक नगर में गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष महोत्सव के उपलक्ष्य में अशोक नगर, भिवंडी स्थित श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस महायज्ञ का उद्देश्य राष्ट्रीय जागरण, पर्यावरण शोधन और नववर्ष 2025 का स्वागत करना था।




### कार्यक्रम का विवरण

जैन मंदिर से श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञाचार्य उपेंद्र जोशी, विजयराज सिंह, और अशोक कुमार ने यज्ञ की अगुवाई की। पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दौरान मंत्रोच्चार और भजन से वातावरण भक्तिमय हो गया। महायज्ञ के समापन पर पूर्ण आहुति और आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

### विशेष अतिथियों की सहभागिता

इस आयोजन में श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर के अध्यक्ष दीपक नागरे, विनोद गुप्ता, मिलिंद पलसुले, बनवारीलाल गुप्ता, सुमन दीदी, पी.डी. यादव, दिनकर सिंह, और अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।

### आयोजन का उद्देश्य

महायज्ञ का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करना, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना, और नववर्ष 2025 का स्वागत करना था। इस भव्य आयोजन ने न केवल भिवंडी में आध्यात्मिकता का संदेश फैलाया बल्कि पर्यावरण शुद्धिकरण और राष्ट्रीय जागरूकता के लिए भी प्रेरणा प्रदान की।

# मराठी पत्रकार दिवस पर आयोजित मुफ्त नेत्र जांच शिविर

पहल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

मराठी पत्रकार दिवस के अवसर पर मनपा और ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ की ओर से ठाणे मनपा मुख्यालय स्थित पत्रकार कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम में छत्रपती शिवाजी महाराज, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और आचार्य बालशास्त्री जांभेकर की प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पित कर अभिवादन किया गया। इस मौके पर मनपा अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त (जनसंपर्क) उमेश बिरारी, ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष आनंद कांबले, और मनपा जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र मांजरेकर सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे।



### नेत्र जांच का आयोजन पत्रकारों और उनके परिवार के लिए

स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ, रोटरी क्लब, और इशा नेत्रालय की ओर से पत्रकारों और उनके परिवार के लिए एक मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपस्थित सभी लोगों की आँखों की जांच की गई, जिससे पत्रकारों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। यह आयोजन पत्रकारों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी भलाई के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

NTPC का ऐतिहासिक कदम

# सोलापुर प्लांट में बांस बायोमास से ऊर्जा उत्पादन

## पर्यावरण संरक्षण और सतत ऊर्जा में नई पहल

डीबीडी संवाददाता | सोलापुर

NTPC ने सोलापुर प्लांट में बांस बायोमास का उपयोग कर बिजली उत्पादन शुरू करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस पहल से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और किसानों को स्थिर बाजार मिलेगा, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होगा। NTPC का यह कदम पर्यावरण संरक्षण और सतत ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। NTPC के अध्यक्ष गुरदीप सिंह ने इस योजना की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सतत विकास टास्क फोर्स के प्रमुख पाशा पटेल और MITRA के सीईओ प्रवीणसिंह परदेशी समेत कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। NTPC ने किसानों से बांस बायोमास की खरीद के लिए 50 वर्षों का समझौता किया है, जिससे उन्हें सुनिश्चित बाजार मिलेगा। सोलापुर प्लांट में वर्तमान में 40 मिलियन टन कोयला इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें से 10% कोयले को बांस बायोमास से बदला जाएगा। इसके लिए लगभग 4 मिलियन टन बायोमास की आवश्यकता होगी। भविष्य में जैसे-जैसे बांस की उपलब्धता बढ़ेगी, इसे 20-30% तक बढ़ाने की योजना है। राज्य सरकार इस पहल में पूरा सहयोग कर रही है। पाशा पटेल ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत किसानों को 7.04 लाख प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही, एशियन डेवलपमेंट बैंक नई सब्सिडी योजना लेकर आ रहा है, जो 10 हेक्टेयर तक की खेती के लिए होगी। इससे किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर मिलेगा और वे अधिक बांस की खेती करने के लिए प्रेरित होंगे।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** आज भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। प्रॉपर्टी के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा।

**वृष:** पारिवारिक यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

**मिथुन:** आज नौकरीपेशा की व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है।

**कर्क:** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा। अपनी कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। खुद को शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य को लेकर चिंता रहेगी।

**सिंह:** आज शत्रु शांत बने रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कन्या:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा।

**तुला:** अचानक अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता वाला रहेगा। नौकरीपेशा वर्ग को शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी।

**धनु:** आज कार्य को लेकर नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होने से बॉस खुश रहेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**मकर:** व्यापारिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। किसी बात को लेकर भय बना रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**कुंभ:** नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य नहीं होंगे। अधिकारी वर्ग की नाराजी झेलना पड़ेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। व्यापार में आज मन नहीं लगेगा।

**मीन:** आज कारोबारी लाभ में धन की वृद्धि होगी। नौकरी में शांति बनी रहेगी। कार्यस्थल पर सहकर्मियों का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा। परिवार में कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। अपने विवेक से कार्य करें।

# जन्मकुंडली में चंद्र नक्षत्र और लग्न नक्षत्र का महत्व

ज्योतिष में जन्म नक्षत्र का विशेष स्थान है, और इसे प्रायः चंद्र नक्षत्र के आधार पर देखा जाता है। यह व्यक्ति के मन, मानसिक स्थिति, प्रवृत्ति, और जीवन की दिशा को दर्शाता है।

लग्न नक्षत्र का भी विशिष्ट महत्व है, क्योंकि यह व्यक्ति की शारीरिक प्रकृति, व्यवहार, व्यक्तित्व और बाहरी दुनिया के साथ उसके संबंधों को दर्शाता है। फिर भी, ज्योतिषीय अध्ययन में चंद्र नक्षत्र को प्राथमिकता दी जाती है।

चंद्रमा व्यक्ति के मन और भावनाओं का कारक है। हमारे निर्णय, इच्छाएं और कर्म मुख्यतः मन की स्थिति पर आधारित होते हैं।

चंद्र नक्षत्र से मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों, सोचने के तरीके और मानसिक संतुलन को समझा जाता है।






प्रियंका जैन
9769994439

व्यक्ति का भाग्य, विचार और कर्म काफी हद तक मानसिक स्थिति पर निर्भर करते हैं, इसलिए चंद्र नक्षत्र को प्रमुखता दी जाती है।

चंद्र नक्षत्र के आधार पर ही विम्शोत्तरी दशा प्रणाली तैयार की जाती है, जो जीवन की घटनाओं और समय को समझने का एक प्रभावी माध्यम है। त्रिपुर सुंदरी ज्योतिष

लग्न नक्षत्र से यह पता चलता है कि व्यक्ति का स्वभाव कैसा होगा, वह अपने जीवन को किस दृष्टिकोण से देखेगा, और उसका आचरण समाज में कैसा रहेगा।

लग्न नक्षत्र व्यक्ति की शारीरिक बनावट, स्वास्थ्य और ऊर्जा स्तर को दर्शाता है। यदि लग्न नक्षत्र किसी शुभ ग्रह के प्रभाव में हो, तो व्यक्ति शारीरिक रूप से मजबूत और आकर्षक हो सकता है।

लग्न नक्षत्र यह बताता है कि व्यक्ति बाहरी दुनिया के साथ कैसे जुड़ता है और उसका सामाजिक जीवन कैसा रहेगा।

लग्न नक्षत्र व्यक्ति के बचपन और उसके जीवन के आरंभिक चरणों को प्रभावित करता है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



**खबर संक्षेप**

### कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग



**आजमगढ़।** महराजगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में स्थित कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख लोग शोर मचाने लगे। वहां मौजदू लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आग इतनी तेज थी कि उसे बुझाने के लिए सात गाड़ियां लगानी पड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद करीब पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक दुकान में रखे सभी सामान जलकर राख हो गए। वहीं, बगल में तीन मकानों को भी क्षति पहुंची है।

### भागलपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

**भागलपुर।** जिला प्रशासन के आदेश से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। इसको लेकर सोमवार को घंटाघर चौक पर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सड़क किनारे स्थित कई दुकान पर बुलडोजर चलाया गया एवं दुकान में रखे सामान को जब्त किया गया। नगर निगम अतिक्रमण शाखा प्रभारी सतीश कुमार चौधरी ने कहा कि लगातार इन दुकानदारों को नोटिस के साथ समझाया भी जा रहा था कि अपने दुकान सड़क पर ना लगावें। इसके बावजूद भी इन लोगों के द्वारा सड़क किनारे दुकान लगाया जा रहा था, जिसके बाद आज जिला प्रशासन के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला रिक्शा चालक का शव



**भागलपुर।** जिले के इशाकचक थाना क्षेत्र के 12 नंबर गुमटी के समीप रेलवे ट्रैक किनारे सोमवार को एक रिक्शा चालक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी इलाके में आग के तरह फैल गयी। लोगों ने घटना की जानकारी मृतक परिजन को दिया। बाद में गेटमैन ने इसकी जानकारी इशाकचक पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई।

# शीतलहर से कांप रहा उत्तर भारत

## दिल्ली में बारिश से छंटा कोहरा, लेकिन ठंड से राहत के आसार नहीं

- उत्तर प्रदेश में शीतलहर, बिहार में कड़ाके की ठंड के चलते स्कूल बंद
- पहाड़ों पर बर्फबारी से उत्तर भारत में सर्दी का सितम, पारा जा रहा नीचे

एजेंसी । नई दिल्ली

पूरा उत्तर भारत कड़ाके की ठंड से कांप रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी इससे अछूती नहीं है। सोमवार सुबह शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को कोहरे से कुछ निजात मिली। इस बीच न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब समेत ज्यादातर राज्यों में शीतलहर से आम जनजीवन प्रभावित है। कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में भी पारा लगातार नीचे जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिन ठंड और गलन का दौर जारी रहेगा। जानिए अलग-अलग शहरों में कितना रहेगा पारा।



### 7 जनवरी को दिल्ली-एनसीआर में कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक, 7 जनवरी को घने कोहरे के साथ अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। ऐसे ही 8, 9 और 10 जनवरी को भी घना कोहरा एनसीआर में छाए रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान भी अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

मौसम विभाग के मुताबिक 11 और 12 जनवरी को एक बार फिर एनसीआर में बारिश होने की संभावना है।

### दिल्ली में कड़ाके की ठंड के बीच बारिश

दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे के कारण शुक्रवार, शनिवार और रविवार को सुबह दृश्यता शून्य हो गई थी। इस वजह से कई फ्लाइट और ट्रेनों पर असर पड़ा। वहीं सोमवार को सुबह-सुबह हल्की बारिश से कोहरा छंट गया। लोगों को थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, पारा जरूर नीचे चला गया और ठंड बढ़ गई। सोमवार दिल्ली-एनसीआर में दिनभर धूप के दर्शन नहीं हुए। बादल छाए रहने और सर्द हवाओं से घर से बाहर निकलने वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

### पंजाब और हरियाणा में सर्दी का सितम जारी

पंजाब और हरियाणा के कई स्थानों पर सोमवार को भी ठंड की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर जिले में बल्लोवाल सौखड़ी सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के अन्य स्थानों पर न्यूनतम तापमान अमृतसर में 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस, हिसार में 9.4 डिग्री, करनाल में 8.5 डिग्री, नारनौल में 7.5 डिग्री, भिवानी में 10.0 डिग्री और सिरसा में 12.0 डिग्री दर्ज किया गया। दोनों राज्यों में कुछ स्थानों पर कोहरा भी छाया रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिन ठंड से राहत के आसार नहीं हैं।

### दिल्ली-NCR में कड़ाके की ठंड तो यूपी-बिहार में कोहरे का सितम

#### बिहार में शीतलहर का प्रकोप, पटना में स्कूल बंद

बिहार शीतलहर की चपेट में है जहां कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज किया गया है। पटना जिला प्रशासन ने कड़ाके की ठंड के कारण कक्षा आठवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 11 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के कुछ स्थानों में मंगलवार को घना कोहरा छाया रहने के आसार हैं। आगामी दो-तीन दिनों में कई स्थानों पर बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

#### कुंभनगरी प्रयागराज समेत पूरे यूपी में कड़ाके की सर्दी

पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी से उत्तर प्रदेश में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश में इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। आने वाले दिनों में सर्दी के और भी बढ़ने की संभावना है। पिछले कई दिनों से चल रही सर्द हवाएं लोगों का कड़ा इम्तिहान ले रही हैं। ठंड ने लोगों की रातों की नींद उड़ा रखी है। तापमान इतना नीचे गिर गया है कि लोगों को प्रयागराज में लेह, लद्दाख, शिमला, मनाली की ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी सर्दी के तरह जारी रहने की संभावना जताई है।

## कानपुर जेल से दो साल में 'आजाद' हुए 750 बंदी

- 16 साल में पहली बार दो हजार से नीचे आई बंदियों की संख्या



**कानपुर।** कानपुर जेल में लंबे समय से ऐसे बंदियों की संख्या अधिक थी, जो अपनी सजा पूरी करने के बावजूद जुर्माना राशि जमा न कर पाने के कारण जेल में ही कैद थे। लेकिन अब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जेल प्रशासन की सक्रियता से इन बंदियों को रिहाई मिल रही है।

### सुप्रीम कोर्ट की पहल लाई बदलाव

सुप्रीम कोर्ट और सरकार की नई नीतियों के चलते गरीब बंदियों को राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बंदियों की संख्या को कम करने का काम तेज हुआ। इसका असर यह हुआ कि पिछले दो वर्षों में कानपुर जेल से 750 गरीब बंदियों को रिहा किया गया।

दिसंबर 2008 में कानपुर जेल में बंदियों की संख्या 1980 थी। अब यह संख्या घटकर 1950 रह गई है। यह 16 वर्षों में पहली बार है जब जेल की बंदी संख्या 2000 से कम हुई है।

## विश्व पटल पर छाई महाकुम्भ की वेबसाइट

- 183 देशों के लोग ले रहें जानकारी

एजेंसी । प्रयागराज

प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 को लेकर न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में उत्साह है। आधिकारिक वेबसाइट kumbh.gov.in इस जिज्ञासा का केंद्र बन गई है। 4 जनवरी 2025 तक 183 देशों के 33 लाख 5 हजार 667 यूजर्स ने इस वेबसाइट पर आकर महाकुंभ के बारे में जानकारी ली है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और जर्मनी जैसे देशों के लोग भी शामिल हैं।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म से बढ़ रही है वैश्विक पहुंच



महाकुंभ को लेकर डिजिटल माध्यमों का उपयोग इसे विश्व मंच पर अधिक प्रसिद्ध बना रहा है। इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी ने भारत की इस अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर को दुनियाभर के लोगों से जोड़ा है।

### वेबसाइट पर लाखों यूजर्स का प्रतिदिन आना जारी

तकनीकी टीम के अनुसार, वेबसाइट पर अब तक 6206 शहरों से यूजर्स आ चुके हैं। सबसे अधिक विजिट भारत से हुए हैं, लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और जर्मनी से भी बड़ी संख्या में लोग साइट पर आ रहे हैं। जैसे-जैसे महाकुंभ नजदीक आ रहा है, यूजर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

### योगी ने किया था वेबसाइट का शुभारंभ

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को रडिजिटल महाकुंभर के रूप में प्रस्तुत करने के लिए कई डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए हैं। इस कड़ी में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 6 अक्टूबर 2024 को प्रयागराज में महाकुंभ की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। वेबसाइट पर महाकुंभ की परंपराओं, प्रमुख स्नान पर्वों और अध्ययन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई है।



## हेमंत सोरेन ने दिया नए साल का तोहफा

- झूम उठी झारखंड की 5661791 महिलाएं

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं के बैंक अकाउंट में सोमवार को 2500-2500 रुपए ट्रांसफर किए। नामकुम के खोजाटोली के ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान कार्यक्रम में जैसे ही बटन दबाकर मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के खाते में पैसे ट्रांसफर किए, महिलाएं खुशी से झूम उठीं। सरकार ने झारखंड की आधी आबादी को सशक्त बनाने के उद्देश्य इस अभियान की शुरुआत की है।

### महिला और पुरुष एक हल के 2 बैल : हेमंत सोरेन

हेमंत सोरेन ने कहा कि महिला और पुरुष एक हल के दो बैल होते हैं। जब तक दोनों साथ नहीं चलेंगे, तब तक खेती नहीं होगी। इसलिए देश और राज्य के विकास की कल्पना महिलाओं को ध्यान में रखे बगैर नहीं की जा सकती है। हमने जो कदम उठाया है, आने वाले समय में देश के अन्य राज्य भी उसका अनुसरण करेंगे।

# व्यापार जगत

## सेंसेक्स 1258 अंक गिरकर 77,964 पर बंद

- निफ्टी भी 388 अंक गिरा
- सरकारी बैंकों के शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली रही

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 6 जनवरी को सेंसेक्स 1258 अंक की गिरावट के साथ 77,964 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 388 अंक की गिरावट रही, ये 23,616 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉलकैप 1778 अंक गिरकर 54,337 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और 3 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में गिरावट और 7 में तेजी रही। जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडेक्स में सभी सेक्टर गिरावट के साथ बंद हुए। PSU बैंक सबसे ज्यादा 4.00% की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही रियल्टी में 3.16%, मेटल में 3.14%,मीडिया में 2.71% और ऑटो सेक्टर 2.18% की गिरावट रही।



### बाजार में गिरावट के तीन कारण

- चीन में फैले कोरोना जैसे वायरस का भारत में दूसरा केस मिला है। सोमवार को 3 महीने की बच्ची में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) नाम का संक्रमण मिला। HMPV वायरस खांसने और छींकने से फैलता है। इस वायरस के देश में फैलने की आशंका का असर बाजार पर दिख रहा है।
- फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स लगातार बिकवाली कर रहे हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी में अब तक 4,285 करोड़ रुपए की बिकवाली हुई है। केवल 3 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,227.25 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने भी 820.60 करोड़ के शेयर खरीदे।
- रिजल्ट सीजन निवेशकों को चिंतित कर रहा है। तीसरी तिमाही के अपडेट के बाद एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के शेयर 2% गिरकर 1,714 रुपए पर आ गए हैं। इस हफ्ते लगभग 36 कंपनियां अपने तीसरी तिमाही के नतीजे जारी करेंगी। इनमें टीसीएस, डीमार्ट, मोबिक्विक और आईआरईडीए जैसी कंपनियां शामिल हैं।

## थमी नहीं भारतीय मुद्रा में गिरावट

- रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ रुपया

नई दिल्ली। डॉलर इंडेक्स की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की चौतरफा बिकवाली के कारण रुपया आज रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट का सिलसिला पिछले साल नवंबर से ही जारी है। इस कारण डॉलर की कीमत 86 रुपये के करीब पहुंच गई है। पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से भारतीय मुद्रा की रिकॉर्ड लो क्लोजिंग 85.80 रुपये प्रति डॉलर रही थी, लेकिन आज भारतीय मुद्रा इससे भी नीचे गिर कर 85.83 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई।

### गिरावट के प्रमुख कारण



मुद्रा बाजार के जानकारों का मानना है कि डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत में आई गिरावट की कई वजहों में से एक बड़ी वजह डॉलर इंडेक्स का मजबूत होना है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद से ही डॉलर इंडेक्स में लगातार तेजी बनी हुई है। इसी तरह अमेरिका में 10 ईयर यील्ड भी काफी ऊंचाई पर पहुंचा हुआ है। ग्लोबल मार्केट से भी भारत के पक्ष में कमजोर संकेत मिल रहे हैं।

## सीतारमण ने इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व विचार विमर्श किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ नौवीं बजट-पूर्व परामर्श बैठक की।




सीतारमण की अध्ययक्षता में आयोजित यह बैठक केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के संबंध में हुई। बजट-पूर्व परामर्श बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी केंद्रीय बजट के बारे में ट्रेड यूनियनों के दृष्टिकोण को समझना था। इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ यह विचार-विमर्श सरकार की वार्षिक बजट-पूर्व परंपरा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नीतियों को आकार देने और संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए विविध क्षेत्रों से इनपुट एकत्र करना है। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## तय मानकों पर देनी होगी चार्जिंग व बैटरी बदलने की सुविधा

एजेंसी । नई दिल्ली

अब पेट्रोल पंप समेत अन्य स्थानों पर ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन व बैटरी बदलने की सुविधा मुहैया करने से पहले सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। भारत सरकार के निर्देश पर पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीसो) द्वारा इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग की सुविधा शुरू करने से पहले पूरा करना होगा। दिशा-निर्देश से जुड़े विस्तृत मौसदे पर पेट्रोलियम कंपनियों व अन्य हितधारकों से सुझाव भी मांगे गए हैं, जिसके बाद उन्हें लागू कर दिया जाएगा।

## ईजी माय ट्रिप का शेयर 4% चढ़ा

एजेंसी । मुंबई

ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर ईजी माय ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को करीब 4% की तेजी रही। इसके को-प्रमोटर निशांत पिट्टी ने पुष्टि की है कि आगे कोई हिस्सेदारी बिक्री नहीं होगी। पिट्टी ने एक टीवी चैनल को इंटरव्यू में बताया कि पिछले हफ्ते उन्होंने व्यक्तिगत आवश्यकताओं के कारण 1.4% हिस्सेदारी बेची थी, लेकिन आगे वह, प्रशांत या रिकांत पिट्टी कंपनी में कोई और हिस्सेदारी नहीं बेचेंगे।




### निशांत पिट्टी बोले- तीनों भाइयों के बीच सब ठीक

निशांत पिट्टी ने बताया कि तीनों भाइयों के बीच सब कुछ ठीक है और वह बोर्ड के चेयरमैन पद पर बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हिस्सेदारी बिक्री से जुटाए गए फंड का इस्तेमाल ट्रैवल सेक्टर में निवेश के लिए किया जाएगा। पिट्टी ने कहा, कंपनी के बही-खाते में 400 करोड़ रुपए की नकदी भी है।

### रिकांत पिट्टी को नया सीईओ बनाया गया

हिस्सेदारी बिक्री के एक दिन बाद, पिट्टी ने कंपनी के सीईओ का पद छोड़ दिया था और रिकांत पिट्टी को नया सीईओ बनाया गया था। निशांत पिट्टी कंपनी के चेयरमैन बने रहेंगे। निशांत ने कहा कि वह कंपनी के लिए अंतरराष्ट्रीय विस्तार पर फोकस करना जारी रखेंगे।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, मंगलवार, 7 जनवरी 2025



## न्यूज़ ब्रीफ



### मेसी 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' जीतने वाले पहले पुरुष फुटबॉलर बने

एजेंसी । नई दिल्ली

लियोनेल मेसी ने 4 जनवरी को अपनी उपलब्धियों में एक और सफलता जोड़ते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया। व्हाइट हाउस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पुरस्कार विजेताओं की सूची घोषित की। यह पदक उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की समृद्धि, मूल्यों, सुरक्षा, विश्व शांति या अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक, सार्वजनिक और निजी प्रयासों में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। मेसी इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले पहले पुरुष फुटबॉलर (सॉकर खिलाड़ी) बने हैं और 2022 में मेगन रेपिनो के बाद इस खेल से दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यह सम्मान प्राप्त किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें मेसी अर्जेंटीना के 19 प्राप्तकर्ताओं में से एक थे। मेसी के क्लब इंटर मियामी ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेसी ने व्हाइट हाउस में आयोजित कार्यक्रम से पहले बताया कि वह बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं और यह सम्मान प्राप्त करना उनके लिए एक बड़ा अवसर है।



### कोपा डेल रे से बाहर हुए लास पालमास, वॉलाडोलिड

एजेंसी । मैड्रिड

कोपा डेल रे के तीसरे दौर में रविवार को दो और उलटफेर देखने को मिले, जिसमें ला लीगा की टीमें निचली लीग की प्रतिद्वंद्वी टीमों से हार गईं। दूसरे डिवीजन की टीम एल्चे ने ला लीगा की शीर्ष टीम लास पालमास को घरेलू मैदान पर 4-0 से करारी शिकस्त दी। घरेलू टीम ने मैच के दौरान शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और हाफटाइम के स्ट्रोक पर रोड्रिगो मेंडोजा के गोल से बढ़त हासिल की। दूसरे हाफ में डेविड एफ़ेंग्रुबर, जोस सेलिनास और निकोलस फ़र्नांडीज़ के गोल ने एल्चे की जीत सुनिश्चित की और टीम अंतिम-16 में पहुंच गई। वॉलाडोलिड को तीसरे दर्जे की ओरेंस से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। राउल मोरो और सेलिम अमाल्लाह के गोल से वॉलाडोलिड ने पहले हाफ में बढ़त बनाई, लेकिन जैरो नोरिएगा और जेरिन रामोस ने गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया।

# लीजेंड 90 लीग: चमक बिखेरने को तैयार शिखर धवन, हरभजन सिंह और सुरेश रैना

एजेंसी । नई दिल्ली



लीजेंड 90 क्रिकेट लीग का उद्घाटन संस्करण फरवरी में शुरू होने जा रहा है। इस लीग में 90 गेंदों का रोमांचक प्रारूप होगा, जिसमें दुनिया भर के क्रिकेट दिग्गज एक साथ मैदान में उतरेंगे। यह लीग खेल के ढांचे को पूरी तरह से बदलने का वादा करती है। लीग में सात फ्रैंचाइजी – छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लेडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज, और राजस्थान किंग्स शामिल हैं, जो खेल के अविस्मरणीय जश्न के लिए मंच तैयार करेंगे।

### लीग का उद्देश्य

लीजेंड 90 लीग के निदेशक शिवैन शर्मा ने लीग के अभिनव दृष्टिकोण और इसके प्रशंसकों को आकर्षित करने की क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'यह लीग क्रिकेट के कालातीत आकर्षण का उत्सव है, जिसमें पुरानी यादों को नवीनता के साथ जोड़ा गया है। सात अविश्वसनीय फ्रैंचाइज़ और दिग्गज खिलाड़ियों के नेतृत्व में, यह 90-गेंद का प्रारूप सीट-ऑफ-द-सीट एक्शन का वादा करता है।'

### प्रमुख खिलाड़ी

- शिखर धवन और रॉस टेलर दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- क्रिस गेल बिग बॉयज़ के लिए अपनी ताकत दिखाने को तैयार हैं।
- ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स की कमान संभालेंगे।
- हरभजन सिंह हरियाणा ग्लेडिएटर्स के लिए अपनी जादूगरी दिखाएंगे।
- सुरेश रैना, मोइन अली, और मार्टिन गुप्टिल जैसे क्रिकेट के दिग्गज भी लीग का हिस्सा होंगे।

### छत्तीसगढ़ वॉरियर्स का मजबूत प्रदर्शन

मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना, और अंबाती रायुडू जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के साथ छत्तीसगढ़ वॉरियर्स एक मजबूत प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुणेश सिंह परिहार ने कहा, 'यह लीग एक अभूतपूर्व मंच है, और मुझे गुप्टिल और रैना जैसे दिग्गजों को फिर से मैदान में देखकर रोमांचित हूँ। 90 गेंदों का प्रारूप नया परिप्रेक्ष्य लेकर आता है, और प्रशंसक अविस्मरणीय क्षणों के साक्षी बनेंगे।' इस लीग के जरिए क्रिकेट के प्रशंसक एक नए रोमांचक अनुभव का हिस्सा बनेंगे, जहां वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों को 90 गेंदों के इस नए प्रारूप में खेलते हुए देखेंगे।

# अभिषेक बच्चन बने यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) के सह-मालिक

एजेंसी । नई दिल्ली



बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा अनुमोदित यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में निवेश किया है। यह एक निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है, जिसमें तीन क्रिकेट देशों - आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स - ने को-ऑनर के रूप में निवेश किया है।

ईटीपीएल का आयोजन 15 जुलाई से 3 अगस्त तक किया जाएगा, जिसमें तीनों देशों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और दुनिया भर के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ी एक साथ मिलकर यूरोपीय शैली में खेलेंगे। यह लीग क्रिकेट की वैश्विक अपील को बढ़ावा देने के लिए एक आदर्श मंच है और 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की संभावित शामिल होने के बाद इसकी लोकप्रियता में और वृद्धि की उम्मीद है।

### अभिषेक बच्चन का बयान

अभिषेक बच्चन ने कहा, 'क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है; यह एक ऐसी एकीकृत शक्ति है जो सीमाओं से परे है। ईटीपीएल क्रिकेट की बढ़ती वैश्विक अपील को प्रदर्शित करने के लिए आदर्श मंच है। मैं आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के क्रिकेट बोर्ड के बीच इस अनूठे सहयोग को लेकर बहुत उत्साहित हूँ। मैं सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए समर्पित हूँ ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ईटीपीएल एक शानदार सफलता बने और क्रिकेट को यूरोप भर में लाखों लोगों के करीब लाए। यह तो बस शुरुआत है। अब समय आ गया है कि हम अपनी आस्तीन ऊपर चढ़ाएँ और खेल शुरू करें।'

### ईटीपीएल के विकास और योजना

लीग के विकास का नेतृत्व एक अंतरिम कार्य समूह कर रहा है, जिसमें भाग लेने वाले क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस समूह को टूर्नामेंट के प्रबंधन और प्रमुख निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को संचालित करने का काम सौंपा गया है।

### अभिषेक की भागीदारी का स्वागत

क्रिकेट आयरलैंड के सीईओ और ईटीपीएल के अध्यक्ष वारेन ड्यूट्रोम ने अभिषेक की भागीदारी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके खेल के प्रति जुनून और उद्यमशीलता की सूझबूझ यूरोपीय क्रिकेट को एक नई दिशा देने में मदद करेगी। इस लीग का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करना और यूरोपीय क्रिकेट को वैश्विक मंच पर स्थापित करना है।

### ईटीपीएल के निदेशक प्रियंका कौल का भी बयान

प्रियंका कौल ने कहा, 'ईटीपीएल छह टीमों के साथ शुरू होगा, जिनमें डबलिन, बेलफास्ट, एम्स्टर्डम, रॉटरडैम, एडिनबर्ग और ग्लासगो शामिल हैं। टूर्नामेंट की व्यापक मीडिया कवरेज इसे यूरोप, भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे प्रमुख बाजारों तक पहुँचाएगी। अभिषेक का खेलों के प्रति जुनून और इस पहल में उनका उत्साह अमूल्य है। हम इस यात्रा में उनके साथ इस रोमांचक सहयोग को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।'

# आयरलैंड के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम घोषित, हरमनप्रीत कौर बाहर

एजेंसी । नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने सोमवार को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय घरेलू श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की है। इस टीम में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह स्मृति मंधाना को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि दीप्ति शर्मा को उपकप्तान बनाया गया है।

सायली सतघरे, जो कि एक हरफनमौला खिलाड़ी हैं, पदार्पण के लिए तैयार हैं। वह दाएं हाथ की मध्यमगति की गेंदबाज हैं और घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलती हैं। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में वह गुजरात जायंट्स का प्रतिनिधित्व करती हैं। आयरलैंड के खिलाफ यह तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 10, 12 और 15 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले जाएंगे।

### आयरलैंड के खिलाफ़ तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए भारत की टीम इस प्रकार है:

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), तेजल हसबनीस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तीतास साधु, साइमा ठाकोर, सायली सतघरे



### उरुग्वे के फुटबॉलर एकुना की मौत को माना जा रहा आत्महत्या

एजेंसी । नई दिल्ली

उरुग्वे के खिलाड़ी मैथियास एकुना शनिवार को इक्वाडोर के अंबाटो में मृत पाए गए, उनके क्लब मुशुक रूना ने सोशल मीडिया पर कहा कि प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट में इसे आत्महत्या का मामला माना गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 2025 सीज़न से पहले इक्वाडोरियन सीरी ए टीम में शामिल हुए एकुना, अपने पूर्व साथी द्वारा शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद जांच के दायरे में थे। मुशुक रूना ने फेसबुक पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, 'खिलाड़ी मैथियास एकुना के शव की जांच से प्राप्त प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, यह आत्महत्या का मामला माना जा रहा है।

# अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराकर पहली बार बहु-टेस्ट द्विपक्षीय सीरीज जीती

एजेंसी । नई दिल्ली



अफगानिस्तान ने सोमवार को बुलावायो में जिम्बाब्वे को हराकर अपनी पहली द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला जीत हासिल की। इस दो मैचों की श्रृंखला में अफगानिस्तान ने 1-0 से जीत दर्ज की। पहले टेस्ट मैच का परिणाम ड्रॉ हुआ था, जबकि दूसरे टेस्ट में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन किया। 2017 में टेस्ट दर्जा प्राप्त करने के बाद अफगानिस्तान ने 11 टेस्ट मैचों में चौथी जीत हासिल की है। यह अफगानिस्तान की जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरी बहु-खेल टेस्ट श्रृंखला थी। पहली श्रृंखला 2021 में खेली गई थी, जो 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुई थी।

### दूसरे टेस्ट की अहम घटनाएँ

क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए दूसरे टेस्ट में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। अफगानिस्तान की टीम सिर्फ 157 रन पर ढेर हो गई। राशिद खान ने 25 रन बनाए, जबकि जिम्बाब्वे के लिए सिंकदर रजा और न्यूमन न्यामहुरी ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में जिम्बाब्वे ने 243 रन बनाए और 46 रनों की बढ़त हासिल की। कप्तान क्रेग इर्विन ने 75, सिकंदर रजा ने 61 और सीन विलियम्स ने 49 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने 4 विकेट लिए। अफगानिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की। रहमत शाह (139) और इस्मत आलम (101) की शतकीय पारियों की बदौलत अफगानिस्तान ने 363 रन बनाए और जिम्बाब्वे के सामने 278 रनों का लक्ष्य रखा। जिम्बाब्वे के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने 6 विकेट लिए, जबकि रिचर्ड नगारवा ने 3 और सिकंदर रजा ने 1 विकेट लिया। 278 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम केवल 205 रन पर आउट हो गई। जिम्बाब्वे के लिए क्रेग इर्विन ने 53 रन बनाए, जबकि बेन करन और सिकंदर रजा ने 38-38 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने 7 विकेट झटके।

# ऑकलैंड ओपन 2025 : पहले ही दौर से बाहर हुए सुमित नागल

एजेंसी । नई दिल्ली



सुमित नागल का ऑकलैंड ओपन 2025 अभियान पहले ही दौर में समाप्त हो गया। सोमवार को पहले दौर के मुकाबले में उन्हें 20 वर्षीय एलेक्स मिशेलसन के खिलाफ 6-7 (8-10), 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।

**पहला सेट**

नागल ने पहले सेट में जोरदार खेल दिखाया और छह सेट प्वाइंट बचाकर सेट अपने नाम किया। लेकिन मिशेलसन ने दूसरे सेट में शानदार वापसी करते हुए उसे जीतकर मैच को 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

### तीसरे सेट में मिशेलसन का दबदबा

तीसरा सेट पूरी तरह से अमेरिकी खिलाड़ी मिशेलसन के नाम रहा, जिन्होंने कई बेहतरीन शॉट लगाए। नागल ने 2-3 से बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन मिशेलसन ने अंत में अपना दबदबा बनाए रखते हुए मैच जीत लिया।

# 'कन्नप्पा' : माता पार्वती के रूप में दिखीं काजल

अभिनेत्री काजल अग्रवाल को पिछली बार फिल्म 'इंडियन 2' में देखा गया, जिसमें उनके काम को काफी पसंद किया गया था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब काजल जल्द ही फिल्म 'कन्नप्पा' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी, जिसके निर्देशन की कमान मुकेश कुमार सिंह ने संभाली है। अब 'कन्नप्पा' से काजल की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें वह माता पार्वती के रूप में नजर आ रही हैं।



### भगवान शिव की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय कुमार

काजल ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'यह सच में मेरी ड्रीम भूमिका है। इसके लिए मैं बहुत उत्साहित हूं।' अभिनेता अक्षय कुमार इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म में वह भगवान शिव की भूमिका में नजर आएंगे। 'कन्नप्पा' में विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'फतेह' का दूसरा ट्रेलर जारी



सोनू सूद की आगामी फिल्म है 'फतेह'। अपनी दरियादिली और नेकी के जरिए गरीबों के मसीहा बन चुके सोनू सूद परदे पर एक्शन का दम दिखाते नजर आएंगे। उस पर फिल्म के निर्देशन की कमान भी उन्होंने संभाली है। अब जब फिल्म अपनी रिलीज के एकदम नजदीक है तो अभिनेता प्रचार भी खूब जोर-शोर से कर रहे हैं। देखना होगा कि क्या निर्देशन और एक्शन के मामले में वह फतह कर पाएंगे। फिलहाल, बता दें कि आज सोमवार को 'फतेह' का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। पिछले ट्रेलर की तरह यह भी खतरनाक है। ट्रेलर की शुरुआत में सोनू सूद नजर आते हैं और आईना देखते हुए कहते हैं, 'मैं दिखने में सीधा-सादा और शांत था। लेकिन, अपने दिमाग में मैंने तुम्हें पिछले पांच मिनट में दस अलग-अलग तरीकों से 20 बार मार दिया था। जैकलीन फर्नांडिस कहती हैं, 'बचपन में एक प्रिंसेस की कहानी पढ़ी थी।



# मुश्किल में फंसीं हंसिका मोटवानी

जानी-मानी अभिनेत्री हंसिका मोटवानी की भाभी और छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री मुस्कान नैंसी जेम्स ने अपने पति प्रशांत मोटवानी, सास ज्योति मोटवानी और ननद हंसिका के खिलाफ अंबोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। प्रशांत, ज्योति और हंसिका के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 498 A (क्रूरता), 323 (चोट पहुंचाना), 504 (जानबूझकर अपमान करना), 506 (आपराधिक धमरी) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मुस्कान ने ससुरालवालों पर लगाए ये आरोप

एक रिपोर्ट के अनुसार, मुस्कान ने अपनी सास और ननद पर उनकी शादीशुदा जिंदगी में दखल देने का आरोप लगाया, जिससे उनके पति और उनके बीच के रिश्तों में खटास आ गई। मुस्कान ने पति प्रशांत, ननद हंसिका और सासू मां ज्योति पर यह भी आरोप लगाया कि वे उनसे अक्सर महंगे उपहार और पैसे मांगती थे। इसके अलावा मुस्कान ने तीनों पर संपत्ति से जुड़ी धोखाधड़ी करने का आरोप भी लगाया है। मुस्कान ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि उन्होंने घरेलू हिंसा का अनुभव किया है, जिससे उसे काफी तनाव महसूस हुआ। साल 2020 में प्रशांत ने मुस्कान से शादी रचाई थी। हाल ही में इंटरव्यू में मुस्कान ने कहा, 'हां, मैंने प्रशांत, हंसिका और सास ज्योति के खिलाफ FIR दर्ज की है।



# बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की 'द राजा साब' से भिड़ेंगे अजित

अभिनेता अजित कुमार की आगामी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' को आधिकारिक तौर पर इसकी रिलीज की तारीख मिल गई है। फिल्म का निर्देशन आदिक रविचंद्रन ने किया है। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कई तरह की आशंकाएं बनी हुई थीं, लेकिन आखिरकार आज निर्माताओं ने 'गुड बैड अग्ली' की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। निर्देशक आदिक रविचंद्रन ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया और एलान किया कि यह फिल्म 10 अप्रेल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आज सोमवार को एक्स पर शेयर किए गए नए पोस्टर में अजित एक शानदार टू-पीस व्हाइट सूट में एक पिस्तौल पकड़े हुए सोफे पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ आदिक रविचंद्रन ने एक कैप्शन लिखा, 'गुड बैड अग्ली 10 अप्रैल को आ रही है।' हालांकि, इस तारीख को फिल्म की रिलीज आसान नहीं होने वाली है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' से होगी। 10 अप्रैल 2025 को प्रभास की 'द राजा साब' भी रिलीज हो रही है। प्रभास इस समय सबसे बड़े पैन इंडिया स्टार हैं, जबकि अजीत के तमिलनाडु में बहुत बड़े प्रशंसक हैं, इसलिए यह टकराव देखना बहुत दिलचस्प होगा।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

इंडिया&वर्ल्ड

## न्यूज़ ब्रीफ

### नवंबर में आरबीआई ने आठ टन सोना खरीदा

**मुंबई।** दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर, 2024 में अपने भंडार में सामूहिक रूप से 53 टन सोना जोड़ा, जिसमें आरबीआई का भी आठ टन सोना शामिल था। विश्व स्वर्ण परिषद की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में अधिकांश उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के माहौल में एक स्थिर एवं सुरक्षित संपत्ति की जरूरत को देखते हुए सोने के खरीदार बने रहे। डब्ल्यूजीसी ने कहा कि साल 2024 के अंतिम चरण में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की मांग में अग्रणी भूमिका जारी रखी। नवंबर में केंद्रीय बैंकों ने सामूहिक रूप से अपनी स्वर्ण हिस्सेदारी 53 टन बढ़ाई।

### भारत-बांग्लादेश ने 185 मछुआरों की अदला-बदली की

**कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश ने तनावपूर्ण संबंधों के बीच अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर 185 मछुआरों की अदला-बदली की। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 95 भारतीय मछुआरों के बदले 90 बांग्लादेशी मछुआरों को सौंपा। एक रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारतीय मछुआरों को आईसीजी ने सोमवार को सागर द्वीप के पास पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट को सौंप दिया। रक्षा अधिकारी ने एक बयान में कहा कि यह अभियान भारत और बांग्लादेश के बीच समुद्री संबंधों को बनाए रखने के लिए विदेश मंत्रालय (एमईए), पश्चिम बंगाल सरकार और आईसीजी के आपसी प्रयासों से संभव हो सका।

### महिलाओं को हर महीने ढाई हजार रुपये देंगे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए सभी दल वादे कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी की ओर से महिला सम्मान योजना के ऐलान के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को प्यारी दीदी योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को 2500 रुपये दिए जाएंगे। डीके शिव कुमार ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इसे कर्नाटक मॉडल की तर्ज पर लागू किया जाएगा।

### पश्चिम त्रिपुरा में पिकनिक बस में लगी आग, 11 लोग घायल

**पश्चिम त्रिपुरा।** पश्चिम त्रिपुरा जिले के जगतपुर चौमाहनी क्षेत्र में एक पिकनिक बस में जेनरेटर के अंदर धमाके के बाद आग लग गई। इसमें 11 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने मोहनपुर में हुई इस दुखद घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने एक बयान में इस घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। पुलिस के मुताबिक तीन बसें लेकर लोग पिकनिक करने बास ग्राम गए थे। तीनों बसें सीएनजी बसें थीं। घटना तब घटी जब लोग पिकनिक करने के बाद शाम को चंपानगर, पश्चिम जिला लौट रही थी। एक बस में जेनरेटर के विस्फोट के बाद आग लग गई। इसमें 11 घायल हो गए। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

# शिक्षकों, शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति-पदोन्नति के लिए नया मसौदा जारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को यूजीसी (विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यता और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के लिए उपाय) विनियम, 2025 का मसौदा जारी किया।



### नए सभागार का उद्घाटन

इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी के नए सभागार पुष्पगिरी का भी उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में सुनील कुमार बरनवाल, अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार, और शिक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षाविद उपस्थित थे। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह मसौदा उच्च शिक्षा के हर पहलू में सुधार, नवाचार, समावेशिता, लचीलापन और गतिशीलता लाएगा। इसके माध्यम से शैक्षिक मानकों को मजबूत किया जाएगा और शैक्षिक उत्कृष्टता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### विनियम की मुख्य विशेषताएं

1. **लचीलापन:** उम्मीदवार उन विषयों में शिक्षण करियर बना सकते हैं, जिनके लिए वे नेट/सेट के साथ अर्हता प्राप्त करते हैं। पीएचडी विशेषज्ञता को प्राथमिकता दी जाएगी। मसौदा विनियम शैक्षणिक प्रकाशनों और डिग्री कार्यक्रमों में भारतीय भाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करते हैं।
2. **समग्र मूल्यांकन:** इसका उद्देश्य उल्लेखनीय योगदान सहित योग्यताओं की व्यापक श्रेणी पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कोर-आधारित शॉर्ट-लिस्टिंग को खत्म करना है।
3. **विविध प्रतिभा पूल:** नया मसौदा कला, खेल और पारंपरिक विषयों के विशेषज्ञों के लिए समर्पित भर्ती का रास्ता बनाता है।
4. **समावेशिता :** विकलांग खिलाड़ियों सहित निपुण खिलाड़ियों को शिक्षण पेशे में प्रवेश के अवसर प्रदान करता है। पात्रता मानदंड के साथ कुलपतियों के लिए चयन प्रक्रिया को संशोधित करता है।
5. **सरलीकृत पदोन्नति प्रक्रिया:** शिक्षण, अनुसंधान आउटपुट और अकादमिक योगदान पर जोर देते हुए पदोन्नति के मानदंडों को सुव्यवस्थित करता है।
6. **व्यावसायिक विकास पर ध्यान:** संकाय विकास कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों के लिए निरंतर सीखने और कौशल वृद्धि को प्रोत्साहित करता है।
7. **पारदर्शिता और जवाबदेही:** यह मसौदा भर्ती, पदोन्नति और शिकायतों के समाधान के लिए पारदर्शी प्रक्रियाओं को बढ़ावा देता है।

### सार्वजनिक डोमेन में रखा मसौदा

शिक्षा मंत्री ने बताया कि मसौदा विनियम, 2025 को फीडबैक, सुझाव और परामर्श के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यूजीसी जल्द ही मसौदा विनियम को अंतिम रूप में प्रकाशित करेगा। नया मसौदा विश्वविद्यालयों को अपने संस्थानों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति में अधिक लचीलापन प्रदान करेगा।

# इंडिया गेट का नाम भारत माता द्वार करने की मांग

**बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ने मोदी को चिट्ठी लिखी**



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत माता द्वार करने की मांग की है। जमाल ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम एक चिट्ठी लिखी, जिसमें कहा है कि नाम बदलना देश के 10 हजार शहीद जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जमाल ने कहा, 'आपने क्रूर मुगल के नाम पर बनी औरंगजेब रोड का नाम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड किया। इंडिया गेट पर लगी जॉर्ज पंचम की मूर्ति हटाकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति लगाई। राजपथ का नाम कर्तव्य पथ करवाया। उसी तरह इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत माता द्वार करवाएं।'

### पहले विश्वयुद्ध में शहीद भारतीयों की याद में बना था इंडिया गेट

इंडिया गेट राजधानी दिल्ली में बना वॉर मेमोरियल है। इसे प्रथम विश्व युद्ध और अफगान युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की याद में बनाया गया था। 1914-1921 के दौरान हुए पहले विश्व युद्ध और तीसरे अफगान युद्ध में 70 हजार से ज्यादा भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। इंडिया गेट पर 13 हजार 516 सैनिकों के नाम उकेरे हुए हैं। उनमें से कई ब्रिटिश भारत के सैनिक थे। इंडिया गेट 1921 में बनना शुरू हुआ था और 1931 में पूरा हुआ। इसे ब्रिटिश आर्किटेक्ट सर एडविन लुटियंस ने डिजाइन किया था। इंडिया गेट की ऊंचाई 42 मीटर है।

# स्पैडेक्स डॉकिंग नौ जनवरी के लिए स्थगित : इसरो

**एजेंसी । बेंगलुरू**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि स्पैडेक्स उपग्रहों का डॉकिंग प्रयोग, जो 7 जनवरी को निर्धारित था, अब 9 जनवरी के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसरो ने एक्स (Twitter) पर पोस्ट करते हुए बताया कि डॉकिंग प्रक्रिया में सोमवार को एक खामी पाई गई, जिसके बाद ग्राउंड सिमुलेशन के माध्यम से आगे के सत्यापन की आवश्यकता महसूस हुई।



### स्पैडेक्स मिशन का महत्व

इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को महत्वाकांक्षी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया था। यह मिशन भारत को अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी में अग्रणी देशों की सूची में शामिल करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### डॉकिंग प्रौद्योगिकी का महत्व

अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी आवश्यक होती है जब कई रॉकेटों का प्रक्षेपण करने की आवश्यकता होती है, ताकि मिशन के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। इस मिशन के माध्यम से, भारत अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी रखने वाला दुनिया का चौथा देश बनने की दिशा में अग्रसर है। यह प्रौद्योगिकी भारत की आगामी अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जैसे कि चंद्रमा पर भारत की मिशन, चंद्रमा से नमूना वापसी, और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन।

# 15वें एयरो इंडिया शो का आयोजन फरवरी में होगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया-2025 के 15वें संस्करण का अयोजन 10-14 फरवरी, 2025 तक कर्नाटक के बेंगलुरु में एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार, कार्यक्रम के पहले तीन दिन व्यावसायिक गतिविधियों के लिए होंगे। वहीं, 13 और 14 फरवरी को सार्वजनिक दिन के रूप में निर्धारित किया गया है ताकि आम लोग भी इसे देख सकें। इस बार के एयरो शो का विषय 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज' है। यह कार्यक्रम विदेशी और भारतीय फर्मों के बीच साझेदारी बढ़ाने का मौका देगा। साथ ही स्वदेशीकरण को भी आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इस दौरान रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की गोलमेज बैठक, मंथन स्टार्ट-अप कार्यक्रम, शानदार एयर शो, सहित कई कार्यक्रम होंगे। बयान के अनुसार मित्र देशों के साथ बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री, रक्षा राज्य मंत्री, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सचिव स्तर पर कई द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी।

# असहमति जताते हुए व्यक्ति का सम्मान बनाए रखा जाना चाहिए- सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि असहमति जताते हुए भी व्यक्ति का सम्मान बनाए रखना चाहिए। यह टिप्पणी बिहार विधान परिषद से राजद नेता सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त करने के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए की गई। सिंह ने विधान परिषद से सदस्यता खत्म किए जाने को चुनौती दी है। जस्टिस सूर्यकांत और एन.के. सिंह की पीठ ने कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है और असहमति व्यक्त करने के बावजूद व्यक्तिगत सम्मान को बनाए रखना चाहिए। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 9 जनवरी को तय की है।



### मामला क्या है?

राजद नेता सुनील कुमार सिंह को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने और मिमिक्री करने के कारण बिहार विधान परिषद से निष्कासित कर दिया गया था। इस मामले को लेकर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सदस्यता रद्द करने के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कहा कि हालांकि आरोप केवल एक शब्द ₹पलटूराम₹ के इस्तेमाल को लेकर हैं, लेकिन असहमति के बावजूद किसी व्यक्ति का सम्मान बनाए रखना जरूरी है। इस दौरान, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका में कहा कि चुनाव प्रक्रिया को स्थगित किया जाना चाहिए जब तक मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती। पीठ ने कहा कि अगर चुनाव 23 जनवरी को हो जाते हैं, तो इस मामले की सुनवाई के दौरान उसे निरर्थक कर दिया जाएगा। याचिका में सदस्यता बहाल करने और चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पहले 30 अगस्त, 2024 को नोटिस जारी किया था और बिहार विधान परिषद से जवाब मांगा था।

# मुख्यमंत्री कार्यालय का अधिकारी बनकर कर रहा था ठगी

**एसडीएम की शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार**



**एजेंसी । नवसारी**

गुजरात के नवसारी जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि यह व्यक्ति मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) का अधिकारी बनकर लोगों से ठगी कर रहा था। आरोपी ने खुद को खुद को सीएमओ का अधिकारी बताते हुए लोगों से संपर्क किया था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया, आरोपी की पहचान नीतेश चौधरी के रूप में हुई है,जो खुद को मुख्यमंत्री की बैठकों का प्रबंधन करने वाला अधिकारी बताता था। पुलिस उपाधीक्षक संजय राय के मुताबिक, चौधरी ने दावा किया था कि वह बीते बीस वर्षों से मुख्यमंत्री कार्यालय में काम कर रहा है और मुख्यमंत्री का विश्वासपात्र है और उसे पदोन्नति मिलने वाली है और दिल्ली स्थानांतरण (ट्रांसफर) भी होने वाला है।

## निठारी हत्याकांड

# सुरेंद्र कोली को बरी करने के खिलाफ 25 मार्च से होगी अंतिम सुनवाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निठारी सीरियल हत्याकांड में सुरेंद्र कोली को बरी किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दाखिल अपीलों पर 25 मार्च 2025 से अंतिम बहस करने का निर्णय लिया है। कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह इस हत्याकांड से जुड़े अन्य सभी मामलों का रिकार्ड जल्द से जल्द जिला अदालत से मंगाकर संबंधित पक्षों को मुहैया कराए।

निठारी हत्याकांड में सुरेंद्र कोली और उसके साथी मोनिंदर सिंह पंढेर को आरोपित किया गया था। इन दोनों पर नोएडा के निठारी गांव में कई नाबालिग लड़कियों और महिलाओं की हत्या करने का आरोप था। सुरेंद्र कोली को इस मामले में मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2023 में उसे बरी कर दिया था, जिससे सीबीआई और पीड़ितों के परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।



सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मामला गंभीर और वीभत्स हत्याओं से जुड़ा है, जिसमें नरभक्षण के आरोप भी थे। उन्होंने यह भी बताया कि कोली एक सीरियल किलर था, जो छोटी लड़कियों को बहलाकर उनकी हत्या करता था। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 25 मार्च 2025 को मामले की अंतिम बहस करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और भविष्य में इसकी सुनवाई की तारीख तय की है।

# कोर्ट ने विधायक पी वी अनवर को दी जमानत

**वन कार्यालय में तोड़फोड़ का मामला**

**एजेंसी । निलंबूर**

केरल की एक कोर्ट ने सोमवार को विधायक पी.वी. अनवर को जमानत दी। निलंबूर के निर्दलीय विधायक अनवर को जिला वन कार्यालय (डीएफओ) में तोड़फोड़ के मामले में गिरफ्तार किया गया था। निलंबूर की न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट (प्रथम श्रेणी) ने उनकी जमानत याचिका को स्वीकार किया और उन्हें जमानत दी। इसके साथ कोर्ट ने पुलिस की उस याचिका को खारिज किया, जिसमें विधायक की हिरासत की मांग की गई थी। कोर्ट ने जमानत आवेदन पर विचार करने से पहले पुलिस से एक दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अनवर अभी थवणुर केंद्रीय जेल में बंद हैं और जमानत मिलने के बाद अब उन्हें रिहा कर दिया जाएगा।वहीं, अनवर ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक पोस्ट में लिखा, मेरे साथ खड़े होने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। जल्द ही सभी से मिलूंगा। अनवर को रविवार रात करीब पौने 10 बजे मलप्पुरम जिले के एदावन्ना स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। मेडिकल औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मध्यरात्रि उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया था। पुलिस ने उन पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि अनवर कई अन्य मामलों में भी शामिल हैं। इसके बाद मजिस्ट्रेट ने उन्हें थवणुर की केंद्रीय जेल भेजने का आदेश दिया था।



# पीएम मोदी, जयशंकर और डोभाल से मिले अमेरिकी एनएसए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने सोमवार को कहा कि अमेरिका भारत के साथ असैन्य परमाणु सहयोग के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। बाइडन सरकार के एनएसए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल से भी मुलाकात की।

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार के शपथ ग्रहण के दो सप्ताह पहले सुलिवन की इस यात्रा को पूर्व निर्धारित यात्रा के रुप में देखा जा रहा है। वहीं, आईआईटी दिल्ली में एक सेमीनार के दौरान अपने संबोधन में सुलिवन ने यह भी कहा कि भारत-अमेरिका सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। भारत के साथ अपने संबंधों को अमेरिका लगातार प्रगाढ़ कर रहा है। पिछले चार वर्षों में अमेरिका-भारत संबंध मौलिक रूप से सहयोग के नए स्तर पर पहुंच गए हैं। महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के प्रति चीन के दृष्टिकोण पर अमेरिकी एनएसए ने कहा कि परस्पर निर्भरता का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।



# अतुल सुभाष की पत्नी को हाई कोर्ट से लगा बड़ा झटका

**एफआईआर रदद् करने की याचिका की खारिज**

**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक हाई कोर्ट से अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने सोमवार को निकिता सिंघानिया के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया और उन्हें आपत्तियां दर्ज करने का निर्देश दिया। पिछले साल दिसंबर महीने में आईटी कर्मचारी अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी निकिता सिंघानिया और उनके परिवार की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या की थी। खुदकुशी से पहले उन्होंने 24 पन्ने के सुसाइड नोट और एक लंबे वीडियो में यातना की पूरी कहानी बयां की थी। अतुल के मुताबिक पत्नी ने तलाक के लिए तीन करोड़ रुपये की राशि मांगी थी। न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार की अध्यक्षता वाली एकल पीठ ने मौखिक आदेश पारित किया।



# ईडी अधिकारियों के नाम पर वसूली

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कथित 'जालसाज' के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि इस व्यक्ति ने ईडी के अधिकारियों से संबंध होने का दावा करते हुए लोगों से पैसे वसूले। संदीप देसाई नामक आरोपी पर आरोप है कि उसने ईडी के अधिकारियों से रिश्ते होने का झूठा दावा किया और इसके बाद लोगों को धमकाकर पैसे वसूलने की कोशिश की। ईडी की हैदराबाद क्षेत्रीय टीम ने 3 जनवरी को आरोपी के परिसरों पर छापेमारी की और कई सिम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किए।

केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को जानकारी दी कि यह मामला तब सामने आया जब सीएसके रियल्टर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार अग्रवाल ने ईडी के हैदराबाद स्थित कार्यालय में एक शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि संदीप देसाई ने उनसे संपर्क किया और दावा किया कि वह ईडी की जांच में उनकी मदद कर सकता है। इसके बाद देसाई ने उन्हें पैसे देने के लिए धमकाया। ईडी ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किए जाने की संभावना जताई है।